आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत


नये जमाने के साथ ...

• वर्ष- 15 अंक 154 • जबलपुर • सोमवार, 5 जुलाई, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • आषाढ़ कृष्ण पक्ष -11 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## डलझील का तैरता हुआ बाजार




खूबसूरती ऐसी कि नजर न हटे। कश्मीर की डलझील में लगने वाला बाजार दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र बना रहता है।



# 98 देशों में पहुंच चुका डेल्टा वेरिएंट, डब्लूएचओ ने किया आगाह

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** डेल्टा वायरस के मामले हर रोज बढ़ रहे हैं। इसके बढ़ते मामलों के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार पूरी दुनिया को इसके प्रति आगाह कर रहा है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक अब तक दुनिया के 98 देशों में ये पहुंच चुका है। इन देशों ने इसके मामले सामने आने की पुष्टि की है। WHO का कहना है कि जल्द से जल्द अधिकतर लोगों का टीकाकरण कर इस समस्या से बचा भी जा सकता है। संगठन की तरफ से ये भी कहा गया है कि डेल्टा वैरिएंट के अधिकतर मामले वहां पर सामने आ रहे हैं जहां पर वैक्सीनेशन नहीं हुआ है। रविवार को इसके प्रति दुनिया को सचेत करते हुए संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉक घेबरेसस ने कहा था कि दुनिया ऐसे खतरनाक दौर से गुजर रही है जहां डेल्टा जैसे वैरिएंट विकसित हो रहे हैं और अपना रूप भी बदल रहे हैं। उनके मुताबिक वैक्सीनेशन में पिछड़ने वाले देशों में इसकी बदौलत एक बार फिर हालात खराब होते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि डेल्टा वैरिएंट कई देशों में तेजी से फैल रहा है। इसकी वजह से कई देशों में लोगों के बीच तनाव का माहौल बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि कई देशों में डेल्टा वैरिएंट महामारी की तीसरी लहर का बड़ा कारण बन सकता है।



टेड्रोस ने चेताया है कि डेल्टा वैरिएंट लगातार अपना रूप बदल रहा है। उन्होंने कहा है कि सभी देशों में आक्सीजन, टेस्टिंग, इलाज, पीपीई किट समेत उन सभी चीजों की उपलब्धता होनी चाहिए जो इस महामारी को रोकने में सहायक साबित हो सकती है। रॉयटर्स के मुताबिक फिजी में संक्रमण से होने वाली मौतों की वजह से यहां के सबसे बड़े अस्पताल की मॉर्चरी पूरी तरह फुलहो गई है। यहां पर अब शवों को रखने की जगह नहीं बची है। मंत्रालय के मुताबिक यहां पर अप्रैल से शुरू हुई महामारी की दूसरी लहर में 28 लोगों की मौत हो चुकी है। आपको बता दें कि डेल्टा वैरिएंट के मामले बढ़ने के बाद फिजी ने अपनी सीमाओं को सील कर दिया था। यहां पर रविवार को पहली बार सर्वाधिक 522 मामले सामने आए थे। आपको बता दें कि यहां की जनसंख्या केवल 9 लाख है। यहां की करीब 54 आबादी को कोरोना की पहली खुराक दी जा चुकी है, जबकि 9 फीसद लोगों को वैक्सीन की दूसरी खुराक भी दी जा चुकी है। यहां पर एस्ट्राजेनेका और सिनोफार्म वैक्सीन दी जा रही है। थाईलैंड में करीब 70 फीसद मामलों के लिए डेल्टा वैरिएंट जिम्मेदार रहा है। वहीं पुर्तगाल में मई में इसके करीब 5 फीसद मामले सामने आए थे जो पिछले माह बढ़कर 56 फीसद तक पहुंच गए हैं। अफ्रीकी देशों में तेजी से फैल रहे इस वैरिएंट के बारे में भी डब्ल्यूएचओ चेतावनी दे चुका है। अफ्रीका महाद्वीप में 38 से अधिक देशों में इसके मामले सामने आने की पुष्टि की जा चुकी है। ब्रिटेन में डेल्टा वैरिएंट के मामले 50 हजार के पार हो चुके हैं। वहीं रूस में नए मामलों के अलावा हर रोज इसकी वजह से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी लगातार बढ़ रहा है।

### भारत के हाल, 58 फीसद में डेल्टा जिम्मेदार नहीं

भारत में महामारी की दूसरी लहर के दौरान सबसे अधिक प्रभाव इसी वैरिएंट का देखने को मिला था। महामारी की दूसरी लहर के दौरान भारत में हर रोज आने वाले नए मामले 4 लाख के पार हो गए थे। हालांकि अब भारत में दूसरी लहर का प्रकोप लगातार कम हो रहा है। भारत में हर रोज आने वाले मामले भी अब 40 हजार के नीचे पहुंच चुके हैं। आईसीएमआर इसको लेकर फिलहाल शोध कर रहा है। आईसीएमआर के मुताबिक भारत में होने वाले टेस्ट के 58 फीसद से अधिक मामलों में डेल्टा वैरिएंट जिम्मेदार नहीं रहा है। यहां पर जिनकी बात की गई है उन्हें कोविशील्ड की पहली खुराक दी जा चुकी है। वहीं सैंपल की जांच में ये भी सामने आया है कि 16 फीसद मामलों में वैक्सीन की दोनों खुराक लेने वालों में एंटीबॉडीज नहीं पाई गई हैं।

## क्विक अपडेट



### भागवत के बोल पर मायावती का तंज-मुंह में राम बगल में छुरी

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए धर्मांतरण को मुद्दा बना रही है। अगर ऐसा कहीं कुछ है तो आरोपियों को सजा मिलनी चाहिए पर पूरे मुस्लिम समुदाय को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सोच संकीर्ण है। आरएसएस के बिना भाजपा का कोई अस्तित्व नहीं है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान कि हिंदू-मुस्लिम दोनों का डीएनए एक है पर उन्होंने कहा कि संघ प्रमुख का बयान मुंह में राम बगल में छूरी जैसा है। संघ और भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है।

### आईपीएल मेगा ऑक्शन की तारीख तय, 2 नई टीमें भी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन में दो नई टीमों को शामिल किया जाना है। अगले महीने (अगस्त) तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इनका टेंडर निकाल सकता है। इससे बीसीसीआई को बड़ी कमाई होने की उम्मीद है। अब तक आईपीएल में 8 टीमें खेलती रही हैं। वहीं 2 टीमों के शामिल होने से अब इनकी संख्या बढ़कर 10 हो जाएगी अगस्त में बीसीसीआई दो नई टीमों का टेंडर निकाल सकता है। वहीं अक्टूबर तक आईपीएल की दो नई टीमें मिल सकती हैं। गोयनका और अदानी ग्रुप आईपीएल टीम खरीदने में सबसे आगे हैं। दो नई टीमों के शामिल होने के बाद मैचों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### लुटेरों ने पर्स छीना, 100 मीटर घिसटी युवती, मौत

**आगरा।** आगरा के अछनेरा क्षेत्र के गांव कीठम से पिंकी अपने भाई राजू के साथ बाइक से मायके जाने के लिए निकली। सड़क पर बाइक सवार बदमाशों ने मंगलसूत्र और पर्स लूटने के लिए झपट्टा मारा। पिंकी ने बदमाश का हाथ पकड़ लिया तो बदमाशों ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। पिंकी बाइक से गिरकर सड़क पर घिसटने लगी।

## पूर्व सीएम कमल नाथ पहुंचे नेमावर, साथ में कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल



**नेमावर, देवास।** नेमावर हत्याकांड के मामले में आज पूर्व सीएम कमल नाथ यहां पीड़?त परिवार से मिलने पहुंचे। इनके साथ कांग्रेस का प्रतिनधिमंडल भी है। उन्होंने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इनके साथ नकुल नाथ, अरुण यादव, कांतिलाल भूरिया, सज्जैन सिंह वर्मा, जीतू पटवारी और विक्रांत भूरिया भी मौजूद रहे। वहीं मामले में शनिवार को मुख्य आरोपित सुरेंद्र सहित तीन को देवास कोर्ट में पेश किया गया था।

### सिंधिया ने किये पशुपतिनाथ के दर्शन



**मंदसौर।** सोमवार को शहर भ्रमण की शुरुआत करते हुए राज्यसभा सदस्य ज्योतिराज सिंधिया सुबह 10 बजे श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पहुंचे। यहां लगभग आधे घंटे तक पूजा-अर्चना के बाद वे आरएसएस के जिला कार्यालय समर्पण पर जाएंगे। इधर गांधी चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में लगे कांग्रेसियों की धरपकड़ जारी है।

## पक चुकी भाजपा-शिवसेना की खिचड़ी?

# चर्चा में मराठी सियासत

### शिवसेना बोली भारत-पाक नहीं आमिर और किरण राव जैसा है रिश्ता



**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना और भाजपा के एक बार फिर साथ आने की अटकलें लगाईं जा रहीं हैं। इस पर शिवसेना ने कहा कि हमारा रिश्ता भारत-पाकिस्तान जैसा नहीं बल्कि अभिनेता आमिर खान और किरन राव के जैसा है। भाजपा के साथ वापसी की अटकलों पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने दोनों पार्टियों के बीच रिश्ते की तुलना अभिनेता आमिर खान और किरन राव के रिश्ते से कर दी। उन्होंने कहा कि दोनों ने हाल ही में अपने तलाक की घोषणा की है, लेकिन दोस्ती रखेंगे। शिवसेना सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा, हम भारत-पाकिस्तान नहीं। आमिर खान और किरन राव को देखिए, यह उस तरह का रिश्ता है। हमारे (शिवसेना-बीजेपी) के राजनीतिक रास्ते अलग हैं लेकिन दोस्ती हमेशा बरकरार रहेगी। इससे पहले भाजपा नेता और पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा था कि उनकी पार्टी और पूर्व सहयोगी शिवसेना दुश्मन नहीं है। ऐसे में ये कयास फिर से लगाए जा रहे हैं कि क्या दोनों पार्टियां फिर से एक साथ आने वाली हैं? महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने भी शिवसेना और भाजपा के फिर एक साथ आने की अटकलों पर विराम लगाया। उन्होंने कहा, देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा और शिवसेना दुश्मन नहीं हैं, यह सौ फीसदी सच है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि दोनों पार्टियां गठबंधन कर रही हैं। बता दें कि रविवार को देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि उनकी पार्टी और पूर्व सहयोगी शिवसेना दुश्मन नहीं हैं। हालांकि, दोनों के बीच कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई किंतु-परंतु नहीं होता। यह पूछे जाने पर कि क्या दो पूर्व सहयोगियों के फिर से एक साथ आने की संभावना है, फडणवीस ने कहा कि स्थिति के आधार पर सही निर्णय किया जाएगा।

### जांच एजेंसियों पर कोई दबाव नहीं-फडणवीस

फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां उच्च न्यायालय के आदेश पर महाराष्ट्र में विभिन्न मामलों की जांच कर रही हैं और उन पर कोई राजनीतिक दबाव नहीं है। फडणवीस का बयान पिछले दिनों शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात की पृष्ठभूमि में आया है। ठाकरे ने पिछले महीने दिल्ली के दौरे के दौरान प्रधानमंत्री से अलग से मुलाकात की थी इससे पहले दिन में, शिवसेना सांसद संजय राउत ने शनिवार को भाजपा नेता आशीष शेलार के साथ अपनी मुलाकात के बारे में अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की।



## रिवरफ्रंट घोटाला:सीबीआई की 40 टीमों की दनादन छापामारी

**लखनऊ।** रिवरफ्रंट घोटाले में सीबीआई की 40 टीमों ने लखनऊ, गाजियाबाद और देहरादून सहित 17 जिलों व शहरों में छापेमारी की है। सीबीआई ने यूपी के साथ पश्चिम बंगाल और राजस्थान में भी छापेमारी की है। बता दें कि सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन विंग ने रिवर फ्रंट घोटाले में करीब दर्जनों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। यूपी में लखनऊ के अलावा, नोएडा, गाजियाबाद, बुलंदशहर, रायबरेली, सीतापुर, इटावा और आगरा में छापेमारी की गई है। रिवरफ्रंट घोटाले सपा सरकार में हुए जिसमें छापेमारी शुरू कर दी गई है। दरअसल, रिवरफ्रंट घोटाले के आरोप समाजवादी पार्टी सरकार पर लगते रहे हैं। रिवरफ्रंट सपा सरकार में गोमती नदी के किनारे बनवाया गया था जिसका सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार करते रहे हैं। प्रदेश में 2017 में भाजपा सरकार आने पर मामले की जांच की बात कही गई थी जिसके बाद से कई अफसरों के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। मामले में अब फिर से छापेमारी का दौर शुरू हो चुका है। करीब 1500 करोड़ रुपये के इस घोटाले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय भी मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज कर जांच कर रहा है। राज्य सरकार ने चार साल पहले घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की संस्तुति की थी। अप्रैल 2017 में प्रदेश सरकार ने रिवर फ्रंट घोटाले की न्यायिक जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद गोमती नगर थाने में कई अधिकारियों के खिलाफ कमेटी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। उसी एफआईआर को आधार बनाकर सीबीआई ने रिपोर्ट दर्ज की थी। एक इंजीनियर रूप सिंह की गिरफ्तारी इस मामले में कुछ ही दिन पहले की गई थी।

## खुली नहीं नाराजगी की गांठ

### शपथ के बाद चुपचाप चले गए हरक और सतपाल



**देहरादून।** वरिष्ठ नेता सतपाल महाराज और हरक सिंह रावत ने शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचकर नाराजगी की चर्चाओं पर विराम तो लगाया, लेकिन जिस अंदाज में वे समारोह स्थल से विदा हुए, उसे लेकर फिर चर्चाएं शुरू हो गईं। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद सभी मंत्री मीडिया से मुखातिब हुए और उन्होंने अपने एजेंडे पर बात की। लेकिन महाराज और हरक चुपचाप कार्यक्रम स्थल से चले गए। उनके खामोशी के साथ चले जाने के बाद चर्चाएं गरमा उठी कि असंतोष बेशक थम गया लेकिन गांठ नहीं खुली है। उत्तराखंड~ सांविधानिक संकट नहीं बल्कि ये है सीएम बदलने की वजह, भाजपा ने मौका देखकर एक तीर से साधे पांच निशानेराजभवन में रविवार शाम मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने परिवार के साथ समारोह में पहुंचे, जो समारोह में पहुंचते ही कैबिनेट मंत्रियों में सबसे पहले सतपाल महाराज व हरक सिंह रावत से मिले। समारोह में कार्यतार्ओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा थी कि भाजपा के ये दोनो दिग्गज नाराज बताए जा रहे हैं।इनसे मिलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अन्य मंत्रियों एवं विधायकों से मिले। शाम ठीक 5 बजकर 9 मिनट पर मुख्यंत्री ने शपथ ली। जिसके बाद उनकी टीम के अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली।

### बेकाबू कार ने तीन बाइक सवार को कुचला, चचेरे भाइयों की मौत

**ग्वालियर।** उटीला गांव में पेट्रोल पंप के पास शनिवार की रात एक बेकाबू कार ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया। बाइक पर सवार चचेरे भाई गजेंद्र धानुक व अलबेल धानुक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों का साथी ट्विंकल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करा दिया है। बाइक सवार को कुचलने के बाद चालक कार सहित मौके से भाग से गया। घटनास्थल पर कार की नंबर प्लेट पड़ी मिली। इस नंबर प्लेट से कार व चालक तक पहुंचने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## आप ही का बेटा हूं, हार नहीं मानूंगा

### जन्मदिवस पर रामविलास पासवान के बेटे चिराग हुए भावुक



**पटना।** आज पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान का जन्मदिन है और इस मौके पर उनके बेटे और लोजपा के युवा नेता चिराग पासवान ने ट्वीट कर उन्हें याद किया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रामविलास पासवान के जन्मदिन पर उन्हें याद करते हुए ट्वीट किया। चिराग अपने पिता के संसदीय क्षेत्र हाजीपुर से आशीर्वाद यात्रा का आगाज करेंगे। इस मौके पर अपने पिता को याद किया और ट्वीट कर लिखा कि हैप्पी बर्थडे पापा जी। आप की बहुत याद आती है। मैं आप को दिए वादे को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहा हूँ। आप जहां कहीं भी हैं मुझे इस कठिन परिस्तिथि में लड़ते देख आप भी दुखी होंगे।आप ही का बेटा हूँ, हार नहीं मानूँगा। मैं जानता हूँ आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ है। लव यू पापा

### लंबे अरसे के बाद कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए लालू यादव



राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) आज यानी सोमवार को अपना 25वां स्थापना दिवस मना रही है। लंबे अरसे बाद आज पार्टी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। स्थापना दिवस के अवसर पर लालू यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी।

## भागवत के बयान पर ओवैसी बोले- यह नफरत हिंदुत्व की देन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा था कि सभी भारतीयों का डीएनए एक है, चाहे वे किसी भी धर्म के हों। उन्होंने लिंचिंग को लेकर कहा कि इसमें शामिल लोग हिंदुत्व के खिलाफ हैं और लोकतंत्र में हिंदुओं या मुसलमानों का प्रभुत्व नहीं हो सकता है। इस बयान को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आरएसएस प्रमुख पर निशाना साधा। ओवैसी कहा कि कायरता, हिंसा और कत्ल करना गोडसे की हिंदुत्व वाली सोच का ही हिस्सा है। वहीं दिग्विजय सिंह ने पूछा कि क्या यह शिक्षा आप मोदी-शाह और भाजपा के मुख्यमंत्री को भी देंगे? एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सिलसिलेवार ट्वीट कर मोहन भागवत को घेरा। ओवैसी ने ट्वीट में लिखा, आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि लिंचिंग करने वाले हिंदुत्व विरोधी। इन अपराधियों को गाय और भैंस में फर्क नहीं पता होगा, लेकिन कत्ल करने के लिए जुनैद, अखलाक, पहलू, रकबर, अलीमुद्दीन के नाम ही काफी थे। ये नफरत हिंदुत्व की देन है, इन मुजरिमों को हिंदुत्ववादी सरकार की पुश्त पनाही हासिल है।

### प्रणब के बेटे अभिजीत टीएमसी में जाएंगे

**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी के बेटे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो आज शाम अभिजीत मुखर्जी टीएमसी पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी के बेटे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि पिछले महीने अभिजीत मुखर्जी, कोलकाता में अभिषेक बनर्जी से भी मिले थे।

## गुपकार गठबंधन निराश



**कश्मीर।** गुपकार गठबंधन ने सोमवार को कहा कि पिछले महीने पीएम नरेंद्र मोदी की सर्वदलीय बैठक के नतीजे से निराश हैं। जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक बंदियों की रिहाई जैसे विश्वास बहाली के उपायों की कमी से निराशा है। कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद ही विधानसभा चुनाव हों। गुपकार गठबंधन की रविवार शाम श्रीनगर में डॉ फारूक अब्दुल्ला की अध्यक्षता में उनके आवास पर बैठक हुई। इस बैठक में महबूबा मुफ्ती, एमवाई तारिगामी, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हसनैन मसूदी, जावेद मुस्तफा मीर और मुजफ्फर अहमद शाह शामिल थे। सभी दिल्ली में पीएम से मिले थे।




## महापौर के सीधे चुनाव के लिए विधानसभा में फिर आएगा संशोधन विधेयक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नगर निगम महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता करेगी। इसके लिए शिवराज सरकार विधानसभा के मानसून सत्र में एक बार फिर नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक लाएगी। बजट सत्र में भी इसे प्रस्तुत किया गया था लेकिन उस पर चर्चा नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई थी। कमल नाथ सरकार ने नगर पालिक विधि में संशोधन करते हुए महापौर और अध्यक्ष का चुनाव जनता की जगह पार्षदों के बीच से करने का प्रविधान किया था। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष गोपाल भार्गव सहित भाजपा ने विरोध दर्ज कराते हुए राज्यपाल से इन प्रविधानों को लागू करने की अनुमति नहीं देने की मांग रखी थी। हालांकि, राज्यपाल ने इसे कुछ दिन बाद अनुमति दे दी थी। इसके बाद विधेयक लाया गया था लेकिन चुनाव नहीं हो पाए और सत्ता परिवर्तन हो गया। शिवराज सरकार ने सितंबर 2020 में अध्यादेश के माध्यम से फिर पुरानी व्यवस्था लागू कर दी।




विधानसभा के बजट सत्र फरवरी 2021 में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पुरानी व्यवस्था बरकरार रखने के लिए नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किया था। यह पारित हो पाता, इसके पहले सदन की कार्यवाही कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए 16 मार्च 2021 को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि जो विधेयक सदन में प्रस्तुत हो गए थे लेकिन पारित नहीं हो सके, उन्हें सरकार को फिर से लाना होगा। उधर, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि संशोधन विधेयक एक बार विधानसभा में प्रस्तुत हो चुका है इसलिए अब नए सिरे से प्रक्रिया नहीं करनी होगी।

### महापौर-अध्यक्ष को वापस बुलाने की व्यवस्था होगी बहाल

महापौर या अध्यक्ष में यदि पार्षदों को विश्वास नहीं रह जाता है तो उन्हें वापस भी बुलाया जा सकेगा। इसके लिए कम से कम तीन चौथाई पार्षदों को हस्ताक्षरयुक्त प्रस्ताव कलेक्टर को देना होगा। गुण-दोष के आधार पर वे निर्णय लेंगे और फिर राज्य निर्वाचन आयोग मतदान कराएगा। आधे से अधिक मतदाता हटाने के पक्ष में मतदान करते हैं तो उन्हें पद से हटा दिया जाएगा।

# मानसून की राह में पश्चिमी विक्षोभ अड़ंगा



## आठ जुलाई से शुरू हो सकता है बारिश का सिलसिला

**जबलपुर। तय समय से पहले ताबड़तोड़ ढंग से मध्य प्रदेश में दाखिल हुआ दक्षिण-पश्चिम मानसून अचानक शिथिल पड़ गया। हालात यह हैं कि जून माह बीतने के बाद भी अभी देश के कई राज्यों में मानसून पूरी तरह नहीं पहुंच सका है। उधर मानसून के ठिठकने के कारण किसान चिंतत हो गए हैं। अपेक्षित बारिश नहीं होने से खरीफ फसल की बोवनी पिछड़ गई है।**

मौसम विज्ञानी मानसून की बेरुखी का कारण लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ को बता रहे हैं। साथ ही आठ जुलाई के बाद मानसून के आगे बढ़ने की संभावना भी जता रहे हैं।



मानसून के आगे बढ़ने के बाद अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में कोई प्रभावी वेदर सिस्टम नहीं बना। इससे मानसून को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त ऊर्जा नहीं मिल सकी। इस वजह से मानसून सीजन में बनने वाली मानसून द्रोणिका (ट्रफ) अभी मजबूत स्थिति में नहीं आ सकी है। उधर मानसून की राह में उत्तर भारत की तरफ लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ अड़ंगा बने हुए हैं। अमूमन मानसून सीजन के शुरू होने के बाद पश्चिमी विक्षोभ श्रीनगर के बाद रूस की तरफ बढ़ ल जाते हैं, लेकिन इस बार अभी तक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में काफी नीचे की तरफ आ रहे है। वर्तमान में भी एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान पर बना हुआ है। दरअसल पश्चिमी विक्षोभ के प्रवेश करने के साथ हवा का रूख पश्चिमी हो जाता है, जबकि मानसून को आगे बढ़ने के लिए उत्तर भारत में ऊपरी भाग में पश्चिमी, जबकि निचले स्तर पर पूर्वी हवा का होने जरूरी है। दोनों ही स्तर पर हवा की दिशा पश्चिमी होने से मानसून आगे नहीं बढ़ पा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे तापमान 29.4 डिसे था। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिसे अधिक 26.6 था। रविवार को अधिकतम तापमान 33.6 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बरसात होने की संभावना है। तक इस सीजन की अभी तक कुल 167 .4 मिलीमीटर बरसात हुई है। प्रदेश में मानसून की असामान्य बारिश होने से पानी की जबरदस्त दरकार बन गई है। सात जुलाई को बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बनने के संकेत मिले हैं। उसके प्रभाव से प्रदेश में बौछारें पड़ने का सिलसिला शुरू होने की संभावना है।

## मानसून की बेरूखी, अन्नदाता चिंतित

मानसून की बेरूखी के चलते अन्नदाता चिंतित नजर आ रहा है। जून का महीना सूखा बीतने के बाद अब जुलाई के महीने से ही किसानों को उम्मीद है। मानसून सक्रिय नहीं होने की वजह से बौनी का काम भी पिछड़ता जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की सिंचाई मानसूनी बारिश ही निर्भर है। जिन क्षेत्रों में नहरों के माध्यम से खेतों की सिंचाई की जाती है, वहां भी हालात खराब होते जा रहे हैं। सिंचाई के लिए अब तक जैसी बारिश होनी चाहिए, वैसी नहीं हो पाई है। जिससे किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। कृषि विभाग ने किसानों को मौसम को देखते हुए ही खेती की सलाह दी है। जून महीने के अंतिम सप्ताह में बारिश होने के बाद किसानों ने खेतों में फसलों की बोनी शुरू कर दी थी लेकिन इसके बाद मानसून पूरी तरह से सक्रिय नहीं हुआ, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। किसानों का कहना है कि खरीफ की बोनी के लायक बारिश नहीं हो रही है। यदि ऐसा ही रहा तो बोनी के लिए निर्धारित समय निकल जाएगा हालांकि मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल जिले में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। इस साल पिछले वर्ष की तुलना में खेती का रकबा भी बढ़ गया है।

### उर्वरक की कमी से बढ़ी चिंता

किसानों को खेती के लिए सबसे ज्यादा परेशानी उर्वरक को लेकर होती है, हालांकि कृषि विभाग व प्रशासन द्वारा अभी पर्याप्त भंडारण बताया जा रहा है। जिले में काम्पलेक्स 300 मेट्रिक टन की जरुरत है, वहीं पोटाश 500 मेट्रिक टन, एसएसपी 7 हजार मेट्रिक टन की आवश्यकता है। यूरिया 28 हजार मेट्रिक टन, डएसपी 19 हजार मेट्रिक टन चाहिए है, जिसमें से 11 हजार 396 मेट्रिक टन यूरिया, 4 हजार 416 मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है।



## सीजीएचएस की 6वीं डिस्पेंसरी का शुभारंभ

**जबलपुर यशभारत।** शहर91हजार सी जी एच एस लाभार्थियों को लंबे संघर्ष के बाद राहत भरी खबर मिली है कि वर्षो से प्रतीक्षित केंद्रीय कर्मचारियों के स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु नगर में सीजीएचएस की छटवीं डिस्पेंसरी का उद्घाटन आज साँसद राकेश सिंह ने विशिष्टअतिथि विधायक अशोक रोहाणी एवँ अपर निदेशक सीजीएचएस डॉ आरपी रावत की अध्यक्षता में रविन्द्र नगर अधारताल में किया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने नवंबर 2016 को जबलपुर प्रवास पर सीजीएचएस की एक नई डिस्पेंसरी जबलपुर मे खोलने की घोषणा की थी।उनके प्रवास के दौरान सिटीजन वैलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा और विजन जबलपुर के राजेंद्र सिंह ने श्री नड्डा से व्यक्ति गत मुलाकात कर 15 डिसपेंसरी की मांग की थी ।उन्हें बताया गया था कि जबलपुर की प्रत्येक डिस्पेंसरी मे 18000 लाभार्थियों का भार हैं जबकि दूसरे शहरों मे औसतन मात्र चार से पांच हजार लाभार्थी एक डिस्पेंसरी मे है ।जिसका बुरा असर न केवल लाभार्थियों पर अपितु सीजीएचएस के डाक्टर और स्टाफ पर भी पड़ रहा है ।साथ ही लाभार्थियों की संख्या प्रति माह बढ रही है।

### ये बुजुर्ग शहर की कुंजी -राकेश सिंह

मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद राकेश सिंह ने कहा कि यह जो यहां बुजुर्ग बैठेहैं वह उस शहर की कुंजी है । पूरा जीवन इन्होंने आयुध निर्माणियों में बिताया और अन्य संस्थानों में सेवा कर अपनी जिंदगी बचाई है। उनका ख्याल रखना हमारा कर्तव्य अभी हमें जो समस्याएं बताई गईं हैं । वह पहली बार मेरे सामने आई हैं। मेरा प्रयास होगा की उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अपर निदेशक को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित करें कि यहां से कोई भी मरीज बिना इलाज और कम दवाइयों के बिना वापस ना जाएं । फोटो- अशोक बर्मन

एसोसियेशन के श कुअँर सिंह, पी के मल्होत्रा, एस के मिश्रा, प्रदीप गर्ग, अशोक नामदेव,दीपक बैनर्जी, अशोक तमाने, एम एम मिश्रा, सी एस लोहुमी,सरदार सोनी, जी ऐस पांडे, आर के मिश्रा,व्ही आर मातनकर, व्ही एन कमलाकर,राकेश सक्सेना आदि ने छटवीं डिस्पेंसरी खुलने पर सभी को बधाई दी है।

### इनका भी रहा सहयोग



जहां सारे संगठन6 वीं डिस्पेंसरी के लिए जद्दोजहद कर रहे थे वहीं शहर में हास्य कलाकार के रूप में परिचित बलराम वर्मा भी अपने एक अन्य सहयोगी के साथ व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री कार्यालय और स्वास्थ्य मंत्रालय से पत्राचार कर उन्हें लाभार्थियों की परेशानियों से अवगत कराते रहे ।श्री वर्मा ने इस बात संतोष जताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय और स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा क्रमशः होने वाली प्रगति की जानकारी व्यक्तिगत पत्रो के माध्यम से दी जाती रही।

## दो माह में 33 बार बढ़े तेल के दाम



**डीजल 98.22 रुपए, पेट्रोल 108.23 प्रति लीटर**

**जबलपुर।** पेट्रोलियम कंपनियों ने सोमवार को एक बार फिर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 36 पैसे और 20 पैसे प्रति लीटर इजाफा किया। जबलपुर में आज डीजल की कीमत98.22 रुपए प्रति लीटर और पेट्रोल 108.23 प्रति लीटर मिल रहा है। लगातार कीमतें बढ़ने से प्रदेश के कुछ जिलों में डीजल की कीमतें 100 रुपए प्रति लीटर को पार कर गई हैं। रीवा जिले में पेट्रोल सर्वाधिक 110.84 पर बिका। रीवा, शहडोल और बालाघाट में डीजल की कीमतें 100 रुपए के पार पहुंच चुकी हैं। पेट्रोलियम कंपनियों ने पिछले दो माह में पेट्रोल की कीमतों में 34 और डीजल में 33 बार इजाफा किया है। इसके बाद दोनों ईंधनों की कीमतों में अंतर बेहद कम रह गया है।



## आप हमारे ब्राण्ड एम्बेस्डर हैं, आपके अनुभव और सम्पर्क हमारी अनमोल धरोहर

**पुलिस कर्मियों के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में बोले एसपी श्री बहुगुणा**

**जबलपुर,यशभारत।** कृषि कालेज स्थित इंडियन कॉफी हाउस में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दक्षिण/अपराध गोपाल खाण्डेल की उपस्थिति में थाना अधारताल एवं पनागर क्षेत्र में सेवा निवृत्त होकर रह रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व्ही.के. सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सुकांत बनर्जी, उप पुलिस अधीक्षक अखिल वर्मा, निरीक्षक ओ.पी. गर्ग, जी.के. शाण्डिल्य, भरत झारिया, उप निरीक्षक सतीष डोंगरे, एम.एल. सिंह, गुलाब सिंह, मंगलेश्वर सिंह सहित 46 अधिकारी/कर्मचारियों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने अपने उद्बोधन मे कहा कि सेवा निवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन विभाग से जो जुड़ाव है वह ता उम्र रहता है। यहॉ पर कई अधिकारी ऐसे है जो 30 वर्ष पूर्व रिटायर्ड हो चुके है, उनके समय और अब के समय में अपराध और पुलिस की वर्किंग में कई बदलाव आये हैं, आप सभी हमारे मार्गदर्शक हैं, आप सभी से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई, एवं सकारात्मक उर्जा मिली है आप सभी की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। आपको जब कभी भी मेरी आवश्यकता हो, मुझसे निःसंकोच मिल सकते है, अपनी समस्या बता सकते हैं, आपकी समस्याओं का त्वरित निदान किया जायेगा। पुलिस लाईन स्थित पुलिस अस्पताल को सर्वसुविधा युक्त बनाया गया है, आप सभी अपना इलाज पुलिस अस्पताल में करा सकते है इसके साथ ही पुलिस लाईन सी.पी.सी कैन्टीन खोली गयी है, जिसमें बाजार की अपेक्षा सस्ते दामों में सामाग्री उपलब्ध करायी जाती है उसमें भी आप सभी खरीदी कर सकते हैं। आज के इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य आप सभी के मध्य कम्प्यूनिकेशन गैप को दूर करना था। आपने 35 से 40 साल पुलिस विभाग मे अपनी सेवायें दी हैं, आप सभी अनुभवी है, आपसे मेरी यही अपेक्षा रहेगी कि आप अपना फीडबैक हमें देते रहें ।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी ने कहा कि आपके अनुभव और फीडबैक हमारी पुलिसिंग को और बेहतर बना सकती है, जब भी आपको लगे कि यहॉ पुलिस गलत कर रही है, तो निःसंकोच अपने फीडबैक से हमें अवगत करायें, आप समाज के बीच मे रहकर आईने की तरह सच्चाई से हमें रू-ब-रू करा सकते हैं।



## पर्यावरण को बचाने निकाली जन जागरण रैली

### गायत्री परिवार ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए बांटे पौध

जबलपुर। गायत्री परिवार के द्वारा निरंतर पीड़ित मानवता की सेवा के साथ-साथ जन कल्याण की दिशा में विभिन्न माध्यमों से कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत गृहे गृहे यज्ञ के द्वितीय चरण में गांवों में तरु रोपण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। विगत माहों में जिन घरों में यज्ञीय कार्य किया गया था, उन्हीं परिवारों में पौधारोपण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, इस कड़ी में तहसील मझौली के ग्राम हटोली में तरु रोपण यज्ञ के माध्यम से ग्राम वासियों को घरों में अथवा खेतों की मेड़ों पर लगाने के लिए पौधे दिए गए, इस दौरान कुल 52 पौधों का वितरण किया गया। वहीं गांव में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए जन जागरण रैली भी निकाली गई।

## अभिभावक कल्याण संघ ने की जबलपुर यात्रा के दौरान मांगा समय

जबलपुर। अभिभावक कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत पटेल के द्वारा बताया गया की अभिभावक कल्याण संघ मध्य प्रदेश जबलपुर, कटनी एवं छिंदवाड़ा इकाई के द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की 7 जुलाई 2021 की जबलपुर यात्रा के दौरान अभिभावकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए ज्ञापन सौंपने को लेकर जबलपुर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा को लिखकर मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा है।

## अब नगर निगम के टैक्स का भुगतान घर बैठे करें

**जबलपुर। संपत्ति कर जमा करने के लिए नागरिकों को नगर निगम मुख्यालय या अन्य संभागीय कार्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा। नागरिकों का बहुमूल्य समय बचाने एवं भीड़-भाड़ से राहत दिलाने के लिए निगम प्रशासन ने करों के भुगतान के लिए हाईटेक सुविधा उपलब्ध कराई है। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि शहर के सम्माननीय करदाता अपनी संपत्ति कर का भुगतान अब फोन पे के माध्यम से भी कर सकेंगे।**

इस संबंध में राजस्व विभाग के उपायुक्त श्री पी एन सनखेरे ने बताया कि फोन पे के माध्यम से संपत्ति कर जमा करने के लिए फोन पे में जाकर रिचार्ज एंड पे बिल के विकल्प को चुनना होगा। उसमें सी ऑल ऑप्शन के माध्यम से म्युनिसिपल टैक्स में जाकर ई नगर पालिका विकल्प पर क्लिक करने के उपरांत अपने स्थानीय निकाय का चयन कर संपत्ति आईडी भरने के उपरांत करों का भुगतान किया जा सकता है। करो के भुगतान के लिए जबलपुर नगर निगम का स्थानीय निकाय कोड 0427 भरना होगा। ई नगर पालिका ऑप्शन पर क्लिक करने के बाद यूएलबी कोड 0427 भरकर प्रॉपर्टी आईडी दर्ज करने के उपरांत सिस्टम द्वारा ईमेल आईडी की मांग की जाएगी जिसे भरकर आपको कंफर्म ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। इसके उपरांत पर बटन दबाकर आप अपने करों का भुगतान फोन पे के माध्यम से कर सकते हैं। निगमायुक्त संदीप जी आर ने शहर के सम्माननीय करदाताओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में फोन पे के माध्यम से अपने बकाया करों का भुगतान कर शहर विकास में सहभागी बने। उन्होंने बताया कि नागरिक कोरोना काल में भीड़भाड़ से बचने के लिए नेट बैंकिंग एवं ई वॉलेट के उपयोग से करों का भुगतान कर असुविधा से बच सकेंगे।





## रोटेरिअन्स ने किया रक्तदान

जबलपुर। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा डॉ जितेंद्र जामदार की नवीन हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित थे आज के आयोजन में रोटरी 3261 के प्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक के आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के अध्यक्ष रोटे. अनुराग जैन गढ़ावाल, रोटे.अजय बघेल, रोटे. पीयूष जैन, रोटे .रोहित माटा, रोटे. रवि वैश्य, रोटे. रितेश अग्रवाल, रोटे. सुनील देशपांडे, रोटे. डॉ जनमेजय जामदार आदि ने रक्तदान किया। 51 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आज का यह कार्यक्रम इसलिए और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि रोटरी क्लब साउथ के वरिष्ठ पूर्वाध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र जामदार जी का जन्मदिन भी आज ही के दिन होता है। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक सेक्रेटरी जनरल अखिल मिश्र, क्लब सचिव मुकेश सोनी, कोषाध्यक्ष मकरंद कुलकर्णी, रोटे.प्रमोद वैश्य, रोटे.डॉ जयंत तंखिवाले, रोटे.डॉ शिरीष नाइक, रोटे मनीष कौशल, रोटे. संजीव चौधरी रोटे शैलेश जैन, रोटे.अजय चौधरी, रोटे.डॉ मयूर जैन, रोटे.संदीप पाठक, रोटे. सारंग भिडे, रोटे. उदय परांजपे, रोटे. डॉ विनोद ताम्रकार, रोटे राकेश गिद्रोणीया, रोटे. केतन शाह आदि उपस्थित थे।

## आज जबलपुर में 41 सेंटर्स पर कोवीशील्ड , 178 स्थानों पर लग रही कोवैक्सीन

**जबलपुर। पहली डोज लगवा चुके लोगों को दूसरी डोज देकर वैक्सीनेशन का कोर्स पूरा करने की कवायद चल रही है। अभी जिले में कुल 11 लाख 29 हजार 925 लोग वैक्सीन लगवा चुके हैं। इसमें दोनों डोज लगवाने वालों की संख्या 1 लाख 85 हजार 274 ही है। जबकि दोनों डोज लगवाने के बाद ही सुरक्षा घेरा मिलेगा।**

अभी भी जिले में 11 लाख 49 हजार 349 लोगों को वैक्सीन लगना शेष है। आज जबलपुर 213 सेंटर्स पर सेकेंड डोज लगाई जा रही है। शहर में 41 स्थानों पर कोवीशील्ड तो 6 जगह को-वैक्सीन लगाई जा रही है जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 172 सेंटर्स पर सिर्फ को-वैक्सीन लगाई जा रही है। लोगों की सुविधा के लिए ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। कोवैक्सीन की दूसरी डोज जहां 28 दिनों के बाद लगती है। वहीं कोवीशील्ड की दूसरी डोज 84 दिन के बाद लगवा सकते हैं ।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शत्रुघन दाहिया के मुताबिक पहला डोज लगवाने पर 30 प्रतिशत ही सुरक्षा मिलती है। जबकि दोनों डोज लगवाने वालों को 90 प्रतिशत तक सुरक्षा मिलती है। अभी तक 20 प्रतिशत लोगों ने ही दोनों डोज लगवाया है। 21 जून के बाद जिस तरह से वैक्सीन लगवाने को लेकर लोगों में उत्साह दिख रहा है, उससे जिले में तीन महीने के अंदर सभी को वैक्सीन लग जाएगी। पर वैक्सीनेशन की राह में सबसे बड़ा रोड़ा वैक्सीन की कमी का है। बुधवार से फिर दोनों डोज लगाए जाएंगे।




जिले में अब तक 50 हजार 588 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। इसमें 49 हजार 894 लोग जहां ठीक हो गए। वहीं सरकारी रिकॉर्ड में 670 लोगों को जान गंवानी पड़ी। जिले में कोरोना के एक्टिव केस 17 बचे हैं। इसमें चार घर पर रहकर इलाज करा रहे हैं तो अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। जून से कोरोना के मामले में कमी आई है। पर जिस तरह से अनलॉक में लोग लापरवाही दिखा रहे हैं, उससे खतरा बढ़ता जा रहा है। कोरोना की तीसरी लहर के अगस्त से फैलने की आशंका है। ऐसे में वैक्सीनेशन ही सुरक्षा की गारंटी है।

# रेलवे में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी

## गोहलपुर थाने में एफआईआर

जबलपुर, यशभारत। रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर एक जालसाज बेरोजगार युवकों के साथ उनके अभिभावकों से लाखों रुपए ऐंठकर रफूचक्कर हो गया। धोखाधड़ी करने वाला युवक महीनों से ज्वाइंनिग लेटर दिलाने की बात कहकर मामले को लटकाता रहा, इसके बाद उसने अपना मोबाइल ही बंद कर लिया। धोखाधड़ी का शिकार बेरोजगार युवक ने गोहलपुर थाना में जालसाज के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस फरार आरोपी के विरुद्ध 420, 467, 468 का अपराध पंजीबद्ध कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।गोहलपुर पुलिस ने बताया कि राकेश सराठे नाम के व्यक्ति ने लॉकडाउन अवधि में करीब आधा दर्जन बेरोजगार युवकों झांसे में लेते हुए बताया कि उसका बेटा रेलवे में बड़े अधिकारी के पद पर पदस्थ है। रेलवे में कई अधिकारियों से पहचान है, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की नौकरी लगवा सकता हूं। शिकायतकर्ता नर्मदा पटैल ने पुलिस को बताया कि राकेश सराठे ने नौकरी लगाने के नाम पर उससे एवं उसके साथियों से करीब 13 लाख 60 हजार रुपए कुछ माह पूर्व ले लिए थे। पंद्रह दिन में नौकरी दिलाने का वादा करने के बाद राकेश ने कहा कि लॉकडाउन होने के कारण अधिकारी अभी अवकाश पर चल रहे हैं। अधिकारियों के कार्यालय आते ही सबको योग्यता के अनुसार नौकरी के ज्वाइनिंग लेटर दे दिए जाएंगे। अधिकारियों से मोबाइल पर रोज बात हो रही है।

# पनागर में दो पक्ष भिड़े, सिर फूटा

जबलपुर, यशभारत। पनागर थानांतर्गत इमलई मोड़ पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में गाली-गलौज होने के बाद जमकर लाठी, डंडे, पत्थर और रॉड चली। घटना में दोनों पक्षों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्होंने थाने पहुंचकर एक-दूसरे के ऊपर झगड़ा शुरू करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बजरंग वार्ड देवरीखुर्द निवासी अविनाश ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह पनागर से सब्जी लेकर अपने घर जा रहा था,तभी इमलई मोड़ के पास खड़े संदीप, दीपक रजक और उसके साथियों ने उसे रोका और कहने लगे कि बहुत गुंडा बनता है। उनके इरादे भांपकर अविनाश जब वहां से जाने लगा तो सभी ने उसे हाथ-घूसों से पीटा फिर रॉड नुमा नुकीली चीज से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर से खून की धार लग गई। इसी तरह संदीप और दीपक रजक ने थाने पहुंचकर बताया कि बीती रात वह इमलई मोड़ पर अपने साथियों के साथ कार से टिककर खड़े थे, तभी अविनाश ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए उसके पैर पर चढ़ा दी।
संदीप ने जब उसे ढंग से गाड़ी चलाने की नसीहत दी तो अविनाश भड़क गया और चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। इतना ही नहीं जाते-जाते अविनाश ने उसकी कार पर पत्थर पटक कर कांच भी तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि दोनो पक्षों में वर्चस्व को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है और बीती रात भी दोनों ने अपना रसूख दिखाने के लिए झगड़ा किया।

# अधिकारियों ने कहा अतिक्रमण नहीं करना, दबंग ने बना डाला पूरा मकान

## कांचघर लालमाटी का मामला, महिला की शिकायत भी काम नहीं आई

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा था कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करना लेकिन दबंग ने अतिक्रमण छोड़ पूरा मकान ही खड़ा कर दिया। पूरा मामला कांचघर लालमाटी द्वारका नगर क्षेत्र का है। दबंग परिवार की एक महिला सालों से अतिक्रमण को लेकर शिकायत कर रही है पर जिम्मेदार कार्रवाई करने की वजाए दबंगों को चेतावनी दे रहे हैं। जबलपुर स्थित लालमाटी द्वारका नगर झंडा चौक में एक दबंग परिवार द्वारा सरकारी भूमि को कब्जा कर उसमें अवैध निर्माण कर मकान बनाया जा रहा है यहाँ तक कि इस परिवार द्वारा मोहल्ले की आने जाने वाली सड़क पर भी कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है जिसका विरोध जब मोहल्ले वालों ने किया तो दबंग परिवार के विजय और उसका बेटा गोलू



द्वारा मोहल्ले वालो से विवाद करने लगे,,वही विजय डटा की रिश्ते की बहन माया ठाकुर जो उसी के बगल में रहती है तो उसके साथ भी विजय डटा द्वारा लड़ाई झगड़ा किया गया।

नोटिस जारी होने के बाद भी कर लिया निर्माण जिसकी शिकायत माया ठाकुर सहित मोहल्ले वालो ने नगर निगम कार्यालय में की थी जिसके बाद नगर निगम अतिक्रमण आयुक्त द्वारा सर्वे कर विजय डटा द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण पर रोक लगाते हुए ,निर्माण न करने को लेकर नोटिस जारी किया।

### संडे छुट्टी के दिन किया गया निर्माण

वही विजय डटा द्वारा नगर निगम के आदेशो का उलंघन करते हुए बड़ी ही चालाकी से रविवार छुट्टी के दिन अधूरे प? मकान में निर्माणकार्य शुरू करते हुए लेंटर से लेकर अन्य कार्य करा दिए गए,,वही जब मोहल्ले वालो ने विजय और उसके परिवार को रोकना चाहा तो वह गाली गलौच पर उतारू हो गए।



# कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने रणनीति तैयार

**महंगाई के विरोध में आंदोलन की तैयारी**

जबलपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश के सह प्रभारी सी पी मित्तल द्वारा जबलपुर और नरसिंहपुर जिला की संयुक्त बैठक ली गई । कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने और प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर करने हेतु रणनीति तैयार की गई साथ में महंगाई के विरोध में भी आंदोलन तैयार करने की रणनीति तैयार हुई बैठक में प्रमुख रूप से सीपी मित्तल, एनपी प्रजापति लखन घनघोरिया, तरुण भनोट विन य सक्सेना रामेश्वर नीखरा संजय यादव आलोक मिश्रा राधेश्याम चौबे प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोस्टा सम्मतिसैनी राधेश्याम चौबे रुपेन्द्र पटेल सतीश तिवारी संगीता सिंह सुनीता पटेल निलेश अवस्थी विजय रजक जतिन राज आजम खान शिव कुमार चौबे राजा पांडे शेखर सोनी बलविंदर मान खुर्शीद अंसारी राजेंद्र राय जित्तू ठाकुर कपिल श्रीवास्तव बलवंत गुर्जर आदि उपस्थित रहे और उन्होंने अन्य वक्ताओं ने करुणा महामारी के दौरान प्रदेश सरकार ने जो भी घोषणाएं की आम जनों के धलिए धरातल तक नहीं धपहुंची और आमजन के लिए कांग्रेश जनहित में जन जन तक जाएगी और प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर महंगाई के विरोध में सतत आंदोलन जारी रखना है सभी को करेगी ।

# जोखिम में जान डाल कर सेवा करने वाले चिकित्सक स्टॉप का सम्मान

## वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने बढ़ाया कर्तव्य निष्ठा का हौसला

जबलपुर यश भारत। कोरोना महामारी में अपनी जान जोखिम में डालकर रेल कर्मचारियों व उनके परिवारजनों की पूरी शिद्दत व समर्पण से सेवा करके जान बचाने वाले रेलवे अस्पताल के डॉक्टर्स, चिकित्सकीय स्टाफ जिनमें नर्सेस, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय व सफाई कर्मचारियों का वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) ने डॉक्टर्स डे पर सम्मान जताया और उनका उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया. यूनियन के मंडल सचिव नवीन लिटोरिया व मंडल अध्यक्ष बी एन शुक्ला व पूरी डबलूसीआरईयू की टीम ने रेल कर्मचारियों व उनके परिजनों की ओर से बुके देकर सम्मानित किया.
यूनियन के मंडल सचिव का. नवीन लिटोरिया ने बताया कि स्छ डॉ.अजय डोंगरा , डा. कमलेश कुमार, डॉ. सुयश शर्मा, डॉ. नाजिया,ष्टस्र्स डॉ. आर एन मिश्रा , डॉ. संदीप चौहान, डॉ. स्वर्ण दास व अन्य सभी चिकित्सकों ने अपने दायित्वों



का भरपूर निर्वहन करते हुए कोरोना पीड़ित मरीजों की जिस तरह सेवा की है, उसे भुलाया नही जा सकता।

इस मौके पर यूनियन के मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने कहा कि डॉक्टर्स के साथ-साथ अस्पताल परिचर, नर्सेस, सफाई वाले, लैब कर्मचारी, फार्मासिस्ट व सभी कर्मचारियों ने इस कोविड काल में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है/

### *इन्होंने किया आभार व्यक्त*

यूनियन ने प्रमुख रूप से निर्मला डोंगरे, लेखराज बैरवा, मो. अरशद, ज्योतिबाला, सरस्वती बेन, शिवकुमारी, रीनू, अक्षय, विशाल, स्वाती , कृष्णादास बेरोनिक, ललिता लाल, वरनिस सरावन, स्नेहलता, नीलिमा जोसफ, जयश्री, आकाश, मुन्ना, कृष्णा, धर्मेंद्र, उमा, छाया, सुनीता, आशीष सचेंद्र साहू, रत्नेश जाट, माया, अनूप,अंगेश्वरी, मंजू यादव, संतोष पटेल, संतोष तामिया, ज्ञानेंद्र कुमार राजेश साहू राजन अंथोनी प्रकाश पटेल एवं हेमंत के अलावा सभी अस्पताल कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

# 4 साल के प्रेम संबंध के बाद थाने में दुराचार की शिकायत

**जबलपुर, यशभारत।** 4 साल तक प्रेम संबंध थे , एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाते रहे पर अचानक से ऐसा हुआ कि युवती ने प्रेमी के खिलाफ दुराचार का मामला दर्ज करवा दिया। पूरा मामला अधारताल के निर्भय नगर का है। पुलिस ने शिकायत पर मामला कायम करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 24 साल की युवती ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि क्षेत्र के रहने वाले युवक विनोद पटेल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई साल तक दुराचार किया। युवती का कहना है कि 4 साल तक प्रेम संबंध के जब उसने युवक से शादी करने की बात कही तो वह मुकर गया। उसका कहना था कि वह परिवार के खिलाफ जाकर शादी नहीं करेगा।

**4 साल तक यहां-वहां घुमाता रहा युवक**

युवती ने पुलिस को बताया कि 4 साल तक युवक उसे शादी झांसा देकर यहां-वहां घुमाता रहा और दुराचार किया। जब उसने शादी की बात कही तो उसने फोन उठाना बंद कर दिया।



# सुदर्शन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप हाथीबड़े का स्वागत

**जबलपुर।** संस्कारधानी महानगर में पधारे पूर्व राष्ट्र आयोग सफाई कामगार के सदस्य एवं सुदर्शन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप के हाथीबड़े का स्वागत सुदर्शन समाज के लोगों ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ किया जहां उपस्थित थे जबलपुर संभागीय अध्यक्ष सुदर्शन समाज जागेश समुद्रे, राष्ट्रीय महामंत्री गौरीशंकर ग्रावकर, बिंदा प्रसाद मोदिया, पार्वती तामिया ,अजय अरखेल, प्रसादी लाल बिरहा, आकाश मलिक, जगदीश चौहटेल, पप्पू ग्रानिया आदि सभी समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# दूसरे विभागों में जायेंगे रक्षा विभाग के अधिकारी

## रक्षा उत्पादन विभाग ने पत्र जारी कर मांगा अभिमत

जबलपुर यशभारत ।आयुध निर्माणी बोर्ड को निगम में तब्दील करने के बाद अतिशेष होने वाले ग्रुप ए और बी के अधिकारियों को अन्य सरकारी विभागों में पदस्थ किया जायेगा ।इस संबंध में रक्षा उत्पादन विभाग ने विगत 3 जुलाई को परिपत्र जारी कर दिया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसारभारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी संजय पंत ने इस आशय का मसौदा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेज दिया है। मसौदे मे कहा गया है कि केन्द्रीय सिविल सेवा अधिनियम के तहत रक्षा विभाग के ग्ररुप ए और बी के अधिकारियों के लिए मसौदा तैयार किया गया है ।जिसमें कहा गया है कि भारतीय संविधान के अनुसार केन्द्र सरकार सिविल सेवा नियम के अनुच्छेद 309 केअनुसार ग्ररुप ए और बी के अतिशेष होने वाले अधिकारियों को अन्य सरकारी विभागों में पुनर्वास करने का प्रावधान किया गया है जिसका मसौदा तैयार किया गया है ।अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि मसौदे पर कोई आपत्ति या सुझाव है तो वे 30दिन के अंदर अधोहस्ताक्षर कर्ता संजय पंत को ई मेल से भेजने की प्रक्रिया करें ।उक्त मसौदे के परिप्रेक्ष्य मे आयुध निर्माणियों के महाप्रबंधक स्तर से लेकर कनिष्ठ कार्य प्रबंधक स्तर के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है ।सूत्रों के अनुसार आगामी 15 अगस्त तक सभी आयुध निगमों मे मुख्य प्रबंध निदेशक नियुक्त कर दिये जाएंगे ।इसके बाद 1अक्टूबर से सभी आयुध निगम अस्तित्व में आ जायेंगे।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कोविड - 19 की चुनौती से लड़ता भारत

## साँसद ने किया अधिवक्ताओं से संवाद

जबलपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रमोदी के नेतृत्व में कोविड -19 की चुनौती से लड़ता भारतज्ञ विषय को लेकर वर्चुअल संवाद के क्रम में रविवार को साँसद राकेश सिंह ने जबलपुर के अधिवक्ताओं से वर्चुअल संवाद किया। साँसद श्री सिंह ने कहा कि कोविड जैसी वैश्विक महामारी से पूरा विश्व ग्रसित हुआ इससे हमारा देश भी अछूता नही था और दो बार इसका अटैक हुआ है किंतु दोनों बार हमारे प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व की वजह से 130 करोड़ की जनसंख्या वाले हमारे देश में इससे बचाव और इसकी रोकथाम के लिए समुचित कदम उठाए गए। श्री सिंह ने कहा अचानक आई इस आपदा से निपटने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर किया गया साथ ही इतनी बड़ी जनसंख्या के लिए मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि यह संकट पूरी तरह समाप्त नही हुआ है किंतु इसे रोकने का सबसे कारगार तरीका वैक्सिनेशन है इसीलिए अधिक से अधिक संख्या में वैक्सिनेशन हो और देश के प्रत्येक नागरिक को वैक्सीन लग जाये इसका प्रयास सभी को मिलकर करना होगा।



### साँसद ने दीनदयाल मंडल में किया पौधारोपण

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत रविवार को साँसद राकेश सिंह की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय मंडल के दयानंद सरस्वती वार्ड अंतर्गत कल्चरल स्ट्रीट में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नगर महामंत्री संदीप जैन, आंनद मिश्रा, अनिता यादव, चक्रेश नायक, श्रीकान्त साहू, सुनील जैन, अनूप शुक्ला, अमर सिंह सेंगर, कमलेश अग्रवाल, नंदकुमार यादव, दीप महदेले, राकेश अग्रवाल, अमित जैन, प्रदीप रजक, प्रदीप यादव, कुंजी जौहरी, कमलेश नामदेव, अश्वनी परांजपे, राजीव गुप्ता, मनीष जैन, संतोष विश्वकर्मा, प्रमोद पटेल, आसि? एंथोनी, मुन्नीलाल अहिरवार, सुनीता जैन ज्योति जैन, विमला गुप्ता, पूजा वाधवानी, पंकज पासी, हरदीप सिंह, राकेश सोनी, राहुल जैन, संदीप यादव, सुरेंद्र शर्मा, संकल्प पाठक, उमाकांत साहू, विशाल साहू आदि उपस्थित थे।

# पहले दौर की कापियों का शुरू हुआ मूल्यांकन कार्य

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विवि द्वारा आयोजित की जा रही ओपन बुक एग्जाम स्नातक स्तर की कापियों का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया है। संबंधित विषयों की कापियां मूल्यांकनकर्ताओं तक पहुंचा दी गई है। प्रयास किए जा रहे हैं कि जुलाई तक कापियों की जांच पूरी करा ली जाए। विश्वविद्यालय द्वारा 12 जून से परीक्षाओ की शुरुआत की गई थी। चार चरणो में यह परीक्षाएं शुरू हुई जो कि 25 जून को समाप्त हो गई। अंतिम दौर की कापियां भी कॉलेजों के माध्यम से जमा होनी शुरू हो गई हैं। पहले दौर की हुई परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन शुरू कर दिया गया है। बताया जाता है परीक्षाओं में करीब 40 हजार छात्र शामिल हुए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन इस कवायद में लगा है कि जल्द से जल्द कापियों की जांच करा दी जाए ताकि परीक्षा फल तैयार करने में देरी न हो ।गौरतलब है कि परीक्षा का पहला चरण 12 जून से शुरू हुआ था। 25 जून से चौथे चरण की परीक्षा में बीएड, बीएड साइंस चतुर्थ सेमेस्टर, एलएलबी षष्ठम सेमस्टर एवं बीए एलएलबी दसम सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल थीं। 2 जुलाई तक उत्तरपुस्तिकाओं को छात्रों द्वारा जमा कराई गईं। जबकि लीड कॉलेजों में 5 जुलाई तक भेजी जा सकेंगी।





# पौधारोपण पखवाड़ा , 501 पौधों को रोपित करने का लिया संकल्प

**जबलपुर ।** मदन महल पहाड़ी उत्थान समिति एवं सर्वहित शिक्षा समिति जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में रविवार सुबह 11:00 बजे पौधारोपण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ सैनिक सोसायटी शारदा मंदिर के पीछे प्रांगण में पाटन विधानसभा के विधायक अजय विश्नोई एवं अभिलाष पांडे, विभाग प्रचारक राघवेंद्र की गरिमामय उपस्थिति में 11 पौधे लगाकर किया । जिले में वृक्षारोपण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 501 फलदार वृक्ष लगाकर उनके पालन पोषण का संकल्प लिया । मदन महल पहाड़ी उत्थान समिति का उद्देश्य पहाड़ को संरक्षित सुरक्षित कर पहाड़ों का भी हमारे जीवन में महत्व है । इसका अधिक से अधिक पहाड़ी क्षेत्र में पौधारोपण कर मानवीय जीवन को मजबूत बनाने में ऑक्सीजन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । यही बात सर्वहित शिक्षा समिति के अध्यक्ष इंजीनियर प्रभात दुबे ने बताया कि कोरोना काल में ऑक्सीजन के अभाव में पर्यावरण से मुफ्त मिलने वाली ऑक्सीजन खरीदने पर भी नही मिल रही थी इसी स्थिति को देखते हुए और मानव जीवन के लिए हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास वृक्ष लगाकर उनका पालन पोषण कर उन्हें बड़ा करें जिससे वह हमारे मूल्यवान जीवन की रक्षा करें । एक वृक्ष सौ पुत्रों के बराबर होता है । वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था के सचिव ओम तिवारी, सतीश दुबे, आनंद जोशी, अतुल चौरसिया, अरविंद दुबे, दीपक नाहर, अजय आदि का सराहनीय योगदान रहा ।

# एसएनटी कर्मी ने ट्रेन से कट की खुदकुशी

जबलपुर यश भारत। मुख रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक में आज उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई एक 45 वर्षीय अधेड़ ने रेलवे लाइन पर अपना सिर रख लिया और इसी दौरान संटिग हो रही है गाड़ी से कट जाने से उसकी मौत हो गई। आज दोपहर इस दुर्घटना की खबर जैसे ही स्टेशन परिसर में लगी तो काफी भीड़ जमा हो गई इस घटना की सूचना के आधार पर पहुंची जीआरपी ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय घनश्याम पंजवानी एसएनटी मैं चालक के पद पर कार्यरत था आज दोपहर में स्टेशन पहुंचा और कुछ देर इधर-उधर घूमता रहा इसी दौरान इटारसी एंड पहुंचा और रेलवे लाइन के ऊपर अपना सिर रख दिया जहां शंटिंग के दौरान उसकी मौत हो गई रेलवे सूत्रों ने बताया कि वह काफी दिनों से परेशान चल रहा था जिसके कारण उसने यह आत्मघाती कदम उठाया जीआरपी द्वारा घटना की पड़ताल शुरू कर दी।



# स्वास्थ्य बीमा को तरसे लाखों अध्यापक

**जबलपुर ।मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनवरी 2020 को प्रदेश के शासकीय लोक सेवकों के लिए नि :शुल्क उपचार हेतु राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना को मंजूरी दी गई थी ।**

योजना के केबिनट से पास होने के बाद भी वर्तमान सरकार द्वारा इसे आज दिनांक तक लागू नहीं किया गया है । प्रदेश के लगभग 2.5 लाख से अधिक अध्यापकों को एक आशा बंध गई थी कि केन्दीय कर्मचारियों के समान ही उन्हें किसी भी प्रकार की बीमारी में बाजार के मेडिक्लेम के सहारे नहीं रहना पडेगा साथ ही वह किसी बीमारी से ग्रस्ति होन पर अस्पताल में अच्छे से अच्छा इलाज ले पायेगा, परन्तु सरकार द्वारा लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी राज्य

## केबिनेट से पास होने के लगभग दो वर्ष बाद भी नहीं मिल रहा लाभ

कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू नहीं किया गया है जिससे अध्यापकों को कोरोना महामारी एवं अन्य बीमारी के इलाज में जमा पूंजी के साथ ही सहूकारों से पैसे कर्ज लेकर अस्पताल का बिल चुकाने मजबूर होना पड रहा है । स्वास्थ्य बीमा योजना लागू न होने से कोरोनाकाल में अध्यापक अपने व उनका परिवार आपको ढ़गा हुआ महसूस कर रहे है यदि शासन समय रहते इस बीमा योजना को लागू कर देता ता प्रदेश के हजारों अध्यापक बेहतर बुनयादी सुविधा का लाभ उठा पाते । इस योजना के लागू न होने से प्रदेश के अध्यापकों पर दोहरी मार पड़ रही है एक तरफ बाजार का मेडिक्लेम जिसमें प्रतिवर्ष हजारों रूपये देने के बाद भी क्लेम नहीं मिल पा रहे हैं वहीं दूसरी ओर इलाज में स्वयं की जमा पूँजी भी खर्च हो रही है ।संघ के मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, अजय सिंह ठाकुर, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, राकेश उपाध्याय, मनोज सेन, सुदेश पाण्डेय, विनय नामदेव, देवदत्त शुक्ला, सोनल दुबे, विजय कोष्टी, अब्दुल्ला चिस्ती, पवन ताम्रकार, संजय श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित, संतोष कावेरिया, जय प्रकाश गुप्ता, आनंद रैकवार, अभिषेक मिश्रा, संतोष तिवारी आदि ने माननीय मुख्यमंत्री जी से ई मेल भेजकर मांग की है कि अध्यापकों के नि:शुल्क उपचार हेतु राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना कोरोना महामारी की तीसरी लेहर के पूर्व लागू किया जाये ।

# अपनों की याद में वृक्षारोपण सबसे उत्तम



**जबलपुर।** कोरोना काल मे प्राणवायु आक्सीजन के कारण अनेक परिचित लोग असमय काल कवलित हो गए। इन्ही दिंवगतों की यसाद में चेरीताल मित्र मंडल विवेकानंद मंडल ने प्राचीन खेरमाई मंदिर न्यू कालोनी चेरीताल मे बादाम ,नीम, कंजी, गुलमोहर , आंवला सहित अनेक प्रकार के वृक्षो का रोपण नवीन रिछारिया, विध्येश भापकर, राहुल बेन, अरविंद गुप्ता, शैलेष पटेल, प्रशांत महानूर, आलोक चनपुरिया, नीतिन यादव, नंदकिशोर कोष्टा, उत्तम ठाकुर, दिनेश पटेल, अनिल ठाकुर सहित क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# राफेल पर फ्रांस में जांच

ये खबर ऊपर से आकर्षक लग सकती है कि अमेरिका की पहल पर दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था वाले 130 देश वैश्विक न्यूनतम कर (ग्लोबल मिनिमम टैक्स) के प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं। ये देश दुनिया की अर्थव्यवस्था के 90 फीसदी हिस्से की नुमाइंदगी करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि अगर ये टैक्स व्यवस्था लागू हो भी गई, तो क्या उससे पूरी दुनिया में प्रगतिशील टैक्स ढांचा लागू हो जाएगा? प्रगतिशील टैक्स ढांचे का मतलब यह होता है कि जिसकी जितनी अधिक आमदनी है, उससे उतना अधिक टैक्स लिया जाए। अभी हाल में जो तथ्य सामने आए हैं, वे यह बताते हैं कि विकसित देशों ने अपने यहां ऐसा टैक्स ढांचा अपना रखा है, जिससे सबसे धनी लोग सबसे कम और आम मध्यवर्गीय लोग अपनी आमदनी के अनुपात में सबसे ज्यादा टैक्स चुकाते हैं। जब तक ये व्यवस्था नहीं बदलती, इस समस्या का हल वैश्विक स्तर पर ढूंढना महज उन संसाधन को वापस धनी देशों में लाने का प्रयास भर है, जो अभी आयरलैंड या लक्जमबर्ग या बारबेडोस जैसे देशों को इसलिए मिल जाते हैं, क्योंकि उन्होंने अपने यहां टैक्स दरें कम कर रखी है। गौरतलब है कि ग्लोबल मिनिमम टैक्स का प्रस्ताव अमेरिका की पहल पर आया है। हाल में हुई जी-7 देशों की शिखर बैठक में भी इस पर चर्चा हुई थी। उसके बाद धनी देशों के संगठन ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक को-ऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) के मंच पर इस बारे में बातचीत आगे बढ़ी। खबरों के मुताबिक अमेरिका के जो बाइडेन प्रशासन ने इस पर सहमति बनाने के लिए अपने पूरे प्रभाव का इस्तेमाल किया है। इस प्रस्ताव के तहत दुनिया की 100 सबसे बड़ी कंपनियों को हर साल अपनी आमदनी का 15 फीसदी कॉरपोरेशन टैक्स के रूप में देना होगा, चाहे उन्होंने अपने दफ्तर कहीं भी रजिस्टर करा रखे हों। ये भी गौरतलब है कि सबसे पहले तय ग्लोबल टैक्स रेट का प्रस्ताव यूरोप में गूगल, अमेजन, फेसबुक आदि जैसी कंपनियों के सिलसिले में आया था। लेकिन बाद में अमेरिका की पहल पर दूसरी क्षेत्र की कंपनियों को भी इस प्रस्ताव के तहत लाने पर धनी देशों के बीच सहमति बन गई। आलोचकों का कहना है कि अमेरिका ने अपनी टेक कंपनियों को बचाने के लिए सभी देशों की सभी कंपनियों ने नई व्यवस्था के दायरे में लाने की चाल चली। इसमें वह कामयाब रहा दिखता है।

# अंधेरे के खिलाफ सामूहिकता का उद्घोष

**पिछले डेढ़ बरस से पूरे विश्व और विशेष रूप से विकासशील देशों को कोरोना महामारी से जिस प्रलयंकारी स्थितियों का सामना करना पड़ा, वह अप्रत्याशित तो थी ही, अकल्पनीय भी रही। इसे कोरोना की पहली लहर कहें, जिसने पिछले वर्ष विकास के धरातल पर अपनी अस्मिता की तलाश करते हुए भारत की चूलें हिला दी। कहां तो देश सोच रहा था कि कम से कम दस प्रतिशत आर्थिक विकास दर प्राप्त करके आत्मनिर्भर एवं स्वत- स्फूर्त हो जायेगा और कहां कोरोना के रहस्यमय विध्वंसक वायरस ने कर्फ्यू, पूर्णबन्दी और अपूर्णबन्दी के ऐसे निष्प्राण आर्थिक चरण देश को भेंट किये कि अर्थव्यवस्था की विकास दर शून्य से नीचे -7.7 प्रतिशत पर जा गिरी और सकल घरेलू उत्पादन में -22 प्रतिशत की कमी आ गयी।**

बेकारी ने एक शिखर छुआ, और उसके साथ पैदा हो गये अतिरिक्त बेरोजगार। महानगरीय संस्कृति के क्षरण और औद्योगिकीकरण के अपकर्ष के कारण भारत विभाजन के बाद पहली बार इतनी उखड़ी हुई श्रम शक्ति जो अपने कामधंधे और जीने-रहने का ठिकाना फिर से ढूंढती हुई अपने गांव-घरों की ओर भारी तादाद में लौट रही थी। वर्षान्त तक कोरोना की पहली लहर दब गयी, लेकिन फिर भी करोड़ों लोग रह गये, अपनी जन्म माटी में, सहमे कि कहीं वापस लौटने पर महामारी का मौत के हरकारों-सा पागल प्रवाह फिर लौट उनके उखड़े ठिकानों को और जीर्णशीर्ण न कर दे। फिर सन् इक्कीस का यह बरस आया। वही हुआ, जिसकी आशंका थी। सोलह जनवरी से देश ने कोरोना बचाव टीकाकरण अभियान शुरू किया और फरवरी मास से कोरोना की दूसरी लहर ने अपने ब्रिटिश वेरिएंट के साथ अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया। इस बार संक्रमण और मरते लोगों की संख्या न केवल पहली लहर से कहीं अधिक थी, बल्कि मरीजों ने प्राण वायु की कमी और प्राणरक्षक टीकों के अभाव में कहीं अधिक जानें गंवायी। अपने दाहकर्म की परिणति ढूंढ़ती हुई लाशों की कतारों की दुर्दशा हृदयविदारक थी। लगा जैसे इस बीच देश की सामाजिक संवेदना चुक गयी। सबको अपनी जान बचाने की पड़ी थी। लगा नाते, रिश्ते, स्नेह सूत्र और एक-दूसरे का होकर जीना, सब खो गया। सामान्य जिंदगी का चेहरा मोहरा बिगड़ गया। जीने की लय लीक से उतर गयी। उसकी हर तान बेसुरी हो गयी। संक्रमण का भय और मौत के हरकारों का निनाद कुछ इस कदर हावी हो गया कि आदमी, आदमी के स्पर्श से तो क्या, उसके साये से भी घबराने लगा। अब जीने का मूलमंत्र बन गया, सामाजिक दूरी बनाकर रखना। ऐसे में अंतरंगता और आत्मीयता की बातें क्या करें? महानगरीय बोध ने आज तक हमें एक-दूसरे से इतना अजनबी नहीं बनाया, जितना डेढ़ बरस के इस लम्बे कोरोना काल क्रम ने बना दिया कि जीना है तो एकाकी होकर जियो। एक-दूसरे से दो हाथ का अन्तर रख कर जीना सीखो। प्रकृति में और खुदा के बनाये इस इनसान में सौंदर्य बोध की क्या और कहां तलाश करने चले हो? घरों में बन्द हो जाओ, और अपने चेहरों ही नहीं, पूरे शरीर को मास्क के लिहाफ से ढक लो। स्पर्श सुख को निर्वासित करो। उसकी सिहरन को अपने अंग-प्रत्यंग पर ठिठकने न दो। बल्कि अपने आपको सैनेटाइज करते हुए इस छुहन से बचो।

लाशों की सियासत तो आंकड़ों की हेराफेरी से हुई और भ्रष्ट समाज का मनोविज्ञान उस जीवनदायी चिकित्सा तंत्र तक सरक आया जहां निजी अस्पतालों ने दम तोड़ते लोगों की प्राण रक्षा की जरूरत को अपने मरीज बिस्तरों की नीलामी में भुगताया।

पेट्रोल और डीजल ने अपनी कीमतों की उछाल में तर्क की हर सीमा लांघी, क्योंकि इसकी स्वदेशी कीमतों का ज्वार फार्मा कंपनियों द्वारा कोरोना काल के घाटों और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अपने खाली खजानों को भर लेने के मंतव्य से चालित हो गया। लेकिन स्वार्थपरता और दिशाहीनता की आपधापी में केवल नकारात्मकता का ही आधिपत्य रहा हो, ऐसा कहना अधूरा सच होगा। आज भी गहन से गहन आपदा के अंधेरों में भी आदमी के परिश्रम, अनुशासन और साहस की मशाल जलती नजर आती है। नैतिकताविहीन युग में भी संवेदना, मानवता, उदारता और अंधेरा छांट देने की अदम्य इच्छा उभरती है। डेढ़ बरस के इस संकट काल में यह बल सब बांध तोड़कर आगे आया।इस लहर से ग्रामीण अंचल की 19.9 प्रतिशत जनता प्रभावित हुई। लेकिन धरती पुत्रों ने अपनी हिम्मत नहीं छोड़ी। संक्रमण के भय अथवा नये किसान कानूनों के प्रति अपने असंतोष को किसान मोर्चे की निरन्तरता में प्रकट करने के बावजूद, उन्होंने अपने खेतों को ही अपना सच जाना। हर हालत में अपनी धरती का कर्ज चुकाया और साबित कर दिया कि इस देश में खेती केवल एक धंधा नहीं, उनके जीने का ढंग है। इस बरस की रबी की फसलों का परिणाम हमारे सामने है। कोरोना की दूसरी लहर का शिखर था, लेकिन फसलों का उत्पादन और कमाई पिछले बरस से अधिक थी। अब खेतों में खरीफ की फसलें बीजी जा रही हैं। एक ओर कोरोना की तीसरी लहर का भय इनके नौनिहालों को भी अपने कलेवर में लेने की बात कह रहा है, और दूसरी ओर कृषि सर्वेक्षक बताते हैं कि देश के किसान ने इस बरस अपनी खरीफ की फसलें धान, कपास, इत्यादि पहले से भी अधिक उत्साह और क्षेत्रफल में बीजी हैं। शायद यही सच्ची भारतीयता है कि संकट चाहे कितना ही विकट क्यों न हो, वह मैदान छोड़कर कभी नहीं भागती। सही है विश्व सेहत संगठन, कोरोना की तीसरी लहर और उसके डेल्टा प्लस वेरिएंट के जल्दी आक्रामक हो जाने की भविष्यवाणी कर रहा है लेकिन पिछले दिनों का रिकार्डतोड़ टीकाकरण और उसमें प्रशासन के साथ जुड़कर समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं, डेरों, शिरोमणि कमेटियों का योगदान कैसे नगण्य हो सकता है? देखते ही देखते सबके सामूहिक प्रयास ने 34 करोड़ लोगों को टीका लगा दिया। यह अमेरिका की आबादी के बराबर है और इस देश के लोगों की चेतना और साथ मिलकर चल सकने का परिणाम है। अब देश कटिबद्ध है कि टीकाकरण की इस गति को मन्द नहीं पड़ने दिया जायेगा। वर्षांत तक इतने बड़े देश की सत्तर प्रतिशत आबादी को यह टीका लग सकेगा, ऐसा दिखायी देने लगा है। सामाजिक दूरी में जीते हुए भी सामूहिकता का यह उद्घोष एक नयी दृष्टि का परिचायक है, इसका स्वागत होना चाहिए।

**-सुरेश सेठ**
**लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार हैं।**

# क्षमा ही देती है बड़प्पन व्यक्ति को

अक्सर देखा जाता है कि समाज में यूं तो हर प्रकार के व्यक्ति हमें मिल जाते हैं, लेकिन उनमें ऐसे व्यक्ति विरले ही होते हैं, जिन्हें हम बड़प्पन से युक्त कह सकें। हिन्दी साहित्य में नीति के दोहे रचने वाले कविवर रहीम को सदा आदमी के दिल में बसने वाला रचनाकार माना जाता है। कविवर रहीम के दोहों में जीवन के ऐसे गूढ़ तत्व हमें सहज ही मिल जाते हैं, जिन्हें हम बड़ी-बड़ी पोथियां पढ़ कर भी शायद न पा सकें। कविवर अब्दुर्रहमान खानखाना को ही रहीम कहा गया है और आज भी गांव-गांव में आपको रहीम के रचे हुए दोहे सुनने को मिल जाएंगे। उनका एक प्रसिद्ध दोहा ऐसा है, जिसमें पुराण प्रसिद्ध लोककथा को गूंथते हुए रहीम जी ने क्षमा का महत्व बताया है -छमा बड़ेन को चाहिये, छोटन को उतपात। का रहीम हरि का घट्यौ, जो भृगु मारी लात। लोकजीवन में यह कथा प्रसिद्ध है कि क्रोधी ऋषि भृगु ने विष्णु जी की छाती पर पांव से प्रहार किया था, किन्तु विष्णु जी ने इस लात मारने की मर्यादाहीनता को भी क्षमा कर दिया था। हाल ही में, विश्व प्रसिद्ध नेता नेल्सन मण्डेला के जीवन का अत्यंत मार्मिक प्रसंग पढ़ने को मिला। वह प्रसंग यूं है ~ दक्षिण अफ्रीका का राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार नेल्सन मंडेला अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ एक होटल में खाना खाने गए। सबने अपनी पसंद का खाना आर्डर किया और खाना आने का इंतजार करने लगे। उसी समय मंडेला की सीट के सामने वाली सीट पर एक व्यक्ति बैठा हुआ अपने खाने का इंतजार कर रहा था। तभी मंडेला ने अपने सुरक्षाकर्मी से कहा कि उस व्यक्ति को भी अपनी टेबल पर बुला लो। ऐसा ही हुआ। जब सभी खाना खाने लगे तो वह आदमी भी अपना खाना खाने लगा। लेकिन उसके हाथ खाना खाते हुए कांप रहे थे। अपना खाना खत्म करके वह आदमी सिर झुका कर होटल से बाहर निकल गया। उस आदमी के जाने के बाद मंडेला के सुरक्षा अधिकारी ने मंडेला से कहा कि वो व्यक्ति शायद बहुत बीमार था, खाते वक्त उसके हाथ लगातार कांप रहे थे, बल्कि वह तो खुद भी बहुत ज्यादा कांप रहा था।

# आप का राशिफल 06 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंग। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली - 5486



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5485



Jagrutidaur.com, Bangalore

## धर्म

# आज है योगिनी एकादशी



**जबलपुर।** हिंदू पंचाग के मुताबिक आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को योगिनी एकादशी व्रत मनाया जाता है। इस लिहाज के साल 2021 में योगिनी एकादशी व्रत आज सोमवार को पड़ रहा है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान विष्णु की पूजा लिए एकादशी व्रत किया जाता है। भगवान विष्णु को अक्षत, पीले पुष्प, पीले वस्त्र, पीली मिठाई, पंचामृत आदि चढ़ाया जाता है। इस दिन व्रत करने वाले जातक को योगिनी एकादशी व्रत की कथा का श्रवण करना चाहिए और भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करना चाहिए। आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि का प्रारंभ 04 जुलाई दिन रविवार को शाम को 07.55 मिनट से हुआ, जिसका समापनआज रात 10.30 मिनट पर होगा। एकादशी की उदया तिथि 05 जुलाई को प्राप्त हुई है, इसलिए योगिनी एकादशी व्रत आज रखा गया है।

ऐसे में जो लोग योगिनी एकादशी का व्रत रहेंगे, उनको अगले दिन 06 जुलाई मंगलवार को पारण करना है। उस दिन प्रात्काल 05.29 मिनट से सुबह 08.16 मिनट तक पारण कर लेना है। पारण करते समय इस बात का ध्यान रखें कि द्वादशी तिथि के समापन से पूर्व तक पारण कर लें। द्वादशी तिथि का समापन 06 जुलाई को देर रात 01.02 मिनट पर हो रहा है।

**योगिनी एकादशी का धार्मिक महत्व**

धार्मिक मान्यताओं है कि योगिनी एकादशी का व्रत श्रद्धापूर्वक करने से किसी भी व्यक्ति को कुष्ठ रोग या कोढ़ नहीं होता है और यदि इस रोगों से ग्रसित है तो योगिनी एकादशी व्रत करने से इस रोग से मुक्ति मिलती है। अनजाने में किए गए पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान विष्णु की कृपा से मृत्यु के बाद श्रीचरणों में स्थान मिलता है।

## सूडोकु नवताल- 6007

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6006 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## विचार प्रवाह



कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना। उसका श्रेय अपने मां बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरु को दे देना। श्रेय अपने पास रखोगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। और कभी कोई काम बिगड़ जाये तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगी एक बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते होमेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो उसके लिए कभी पत्नी को, कभी बच्चों को तो कभी किसी और को जिम्मेदार ठहराते हो। यह कैसी नाइंसाफी है?

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7078



**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. श्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**

1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरुरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

शब्द पहेली -7077 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# वो पांच साल - ठेकेदारों के चंगुल से निकल नहीं पाया पोषाहार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पोषाहार नीति का हल पांच साल बाद भी नहीं निकल सका है। सरकारी तंत्र की लापरवाही के चलते व्यवस्था ही कुपोषित हो गई है। वर्ष 2016 में शिवराज सरकार ने घोषणा की थी कि ठेकेदारों को हटाकर पोषण आहार की जिम्मेदारी स्वसहायता समूहों को दी जाएगी। इस आशय का फैसला कैबिनेट में भी हुआ था, लेकिन यह नीति अभी तक अमल में नहीं आ सकी है। इस बीच कांग्रेस की सरकार भी आई, लेकिन ठेकेदारी प्रथा जारी रही। सरकार ने पोषाहार संयंत्र भी बना लिए हैं, लेकिन उन्हें शुरू करने की हिम्मत नहीं कर सकी है। 14 साल से चल रही ठेकेदारी प्रथा को लेकर घोटाले के आरोप भी लगते रहे हैं। इसकी पुष्टि आयकर छापों में हुई थी। स्वसहायता समूहों को यह काम मिलेगा तो लाखों महिलाओं को स्वरोजगार मिल सकेगा। इस बार राज्य के बजट में 1495 करोड़ रुपये का प्रविधान पोषाहार के लिए किया गया है। बता दें, प्रदेश में कुपोषण की स्थिति चिंताजनक है। एक सर्वे के अनुसार राज्य में 70 हजार से अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। इनमें नवजात से लेकर छह वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा चार लाख से अधिक बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। पोषाहार नीति लागू होने से कुपोषण के संकट से निपटने में मदद मिलेगी लेकिन ठेकेदारी प्रथा के चलते इसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। ठेकेदार लॉबी से पार पाने में सरकार के वरिष्ठ अधिकारी नाकाम साबित हो रहे हैं। यह स्थिति तब है कि जब महिला स्वसहायता समूहों के हाथ में पोषण आहार की जिम्मेदारी देने के लिए सात प्लांट बन चुके हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से इनके महासंघ भी बनाए गए। कांग्रेस के कार्यकाल में प्लांट एमपी एग्रो को दिए गए। एमपी एग्रो में ठेकेदारों के माध्यम से काम होता है, इससे अप्रत्यक्ष रूप से कमान ठेकेदारों के हाथ ही रही। अब इसमें बदलाव के लिए प्रस्ताव कैबिनेट में जाना है। इसमें व्यवस्था एमपी एग्रो से लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दी जानी है, लेकिन ठेकेदारों के दबाव में यह प्रस्ताव कैबिनेट तक ही नहीं पहुंच रहा है। मालूम हो, आंगनवा डी केंद्रों में छह माह से तीन वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती, धात्री माताओं और किशोरी बालिकाओं को पोषण आहार दिया जाता है।

**अगर पोषाहार की जिम्मेदारी स्वसहायता समूहों को दी जाएगी तो लाखों महिलाओं को मिलेगा रोजगार**



# आज खत्म हो सकती है नर्सिंग कर्मचारियों व आशा की हड़ताल

**भोपाल ।** प्रदेश भर में चल रही नर्सिंग कर्मचारियों और आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल सोमवार को खत्म हो सकती है। दरअसल, कर्मचारियों की मांगों के संबंध में चर्चा के लिए स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मो. सुलेमान ने स्टेट नर्सेस एसोसिएशन और प्रांतीय नर्सेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाया है। उच्चस्तरीय वेतनमान और नियुक्ति के समय दो अग्रिम वेतनवृद्धि को लेकर 29 जून से चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि, कर्मचारियों का एक गुट आंदोलन में शामिल नहीं है, इस कारण व्यवस्थाएं ज्यादा प्रभावित नहीं हो रही हैं। इसके अलावा आशा कार्यकर्ता और सहयोगिनी संघ के पदाधिकारियों को भी एसीएस ने बुलाया है। संघ आशा कार्यकर्ताओं का वेतन दो हजार महीने से बढ़ाकर 18 हजार और सहयोगिनी का 24 हजार रुपये महीने करने की मांग कर रहा है।



### एस्मा के बाद भी कार्रवाई नहीं

कोरोना संक्रमण के चलते प्रदेश में अत्यावश्यक सेवा प्रबंधन अधिनियम (एस्मा) लागू है। इसके बाद भी जूनियर डॉक्टरों, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी, हेल्थ डिपार्टमेंट अधिकारी कर्मचारी संघ और अब स्टेट नर्सेस एसोसिएशन व प्रांतीय नर्सेस एसोसिएशन ने मिलकर आंदोलन शुरू कर दिया है। इसके बाद भी एस्मा के तहत इन पर कार्रवाई नहीं की गई।

### ये हैं मांगें

– नर्सों को छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के समकक्ष उच्चस्तरीय वेतनमान दिया जाए। छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के मुकाबले नर्सिंग कर्मचारियों का वेतन 15 से 20 हजार तक कम है। कोरोना काल के चलते सभी नर्सों को दो वेतन वृद्धि दी जाए। कोरोना योद्धाओं के लिए की गई घोषणाओं पर अमल हो। नर्सों की उच्च शिक्षा के लिए उम्र का बंधन हटाया जाए। मेडिकल कॉलेजों में स्वशासी के तहत नियुक्त नर्सों को सातवां वेतनमान 2018 की जगह 2016 से दिया जाए। पदोन्नति प्रक्रिया को शुरू किया जाए। मेल नर्स की भर्ती तत्काल की जाए।

# 12 वीं का रिजल्ट तय करने में 10वीं के अंक पैदा कर रहे बाधा

**भोपाल।** कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों को 10 वीं कक्षा के अंकों के आधार पर तैयार करने के राज्य सरकार के आदेश ने स्कूलों के सामने मुश्किल पैदा कर दी है। इस आधार पर परिणाम तैयार करने में कई परेशानी आ रही है। अब सहयोगी अशासकीय विद्यालय संघ ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव को पत्र लिख इस बारे में जानकारी दी है। सचिव अशीष तिवारी ने बताया 12वीं के रिजल्ट के लिए कक्षा 10वीं के अंकों की एंट्री का फार्म एमपी ऑनलाइन पर उपलब्ध है। अंकों को अपलोड करने में कठिनाइयां आ रही हैं। सबसे अधिक परेशानी उन छात्रों को आ रही है। जिन्होंने 10वीं सीबीएसई के माध्यम से दी थी लेकिन इस साल 12वी बोर्ड चेंज कर एमपी बोर्ड कर लिया था। सीबीएसई द्वारा जारी हाईस्कूल की अंकसूची में विषयों के परिणाम ग्रेडिंग सिस्टम के आधार पर दिए गए हैं, इन्हें भी अंकों में किस प्रकार परिवर्तित करें यह भी स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा एक बड़ी दिक्कत यह भी है कि राज्य ओपन स्कूल और एनआईओएस के माध्यम से कई छात्र परीक्षा देते हैं, किंतु वह गणित,विज्ञान को छोड़कर दूसरे विषय जैसे गृह विज्ञान,अर्थशास्त्र आदि लेते है। अब इन विषयों के अंको को उक्त फार्म में कैसे चढ़ाएं जाएं यह भी स्पष्ट नहीं है। क्योकिं एंट्री फार्म में गणित और विज्ञान विषय को बदलने को विकल्प ही नहीं दिया गया है।



# शिथिल पड़ा मानसून

**भोपाल ।** तय समय से पहले ताबड़तोड़ ढंग से मध्य प्रदेश में दाखिल हुआ दक्षिण-पश्चिम मानसून अचानक शिथिल पड़ गया। हालात यह हैं कि जून माह बीतने के बाद भी अभी देश के कई राज्यों में मानसून पूरी तरह नहीं पहुंच सका है। उधर मानसून के ठिठकने के कारण किसान चिंतत हो गए हैं। अपेक्षित बारिश नहीं होने से खरीफ फसल की बोवनी पिछड़ गई है। मौसम विज्ञानी मानसून की बेरुखी का कारण लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ को बता रहे हैं। साथ ही आठ जुलाई के बाद मानसून के आगे बढ़ने की संभावना भी जता रहे हैं।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस नेता का प्रदर्शन, चूल्हे पर रोटी बनाई



**भोपाल।** पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों के लगातार बढ़ते दामों को लेकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार के खिलाफ राजधानी में कांग्रेस का प्रदर्शन लगातार जारी है। महंगाई से तड़प रही जनता को राहत देने के लिए नरेला विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला अनूठे तरीकों से प्रदर्शन करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से गरीबों की सुध लेने की मांग कर रहे हैं। मनोज शुक्ला ने रविवार को अन्ना नगर स्थित हनुमान मंदिर में चूल्हे पर रोटियां पकाईं। इतना ही नहीं, उन्?होंने लोगों को आलू और टमाटर की सब्जी बनाकर खिलाई। इस अवसर पर शुक्ला ने कहा कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के साथ-साथ अब सरकार खाद्य पदार्थों की कीमतों को भी रोजाना बढ़ा रही है। आटा, तेल, चावल, शक्कर के दाम पहले से आसमान छू रहे हैं, लेकिन अब आलू-प्याज भी गरीब थाली से गायब हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्याज के दाम 40 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच गए हैं। प्याज गरीब परिवारों के भोजन के स्वाद का साधन है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार की तरह ही राज्य की शिवराज सरकार भी आदमी के जिंदा रहने का हक भी छीनना चाहती हैं। इसलिए केंद्र पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों के लगातार दाम बढ़ा रहा है, तो राज्य सरकार उसमें अपना टैक्स जोड़कर गरीबों का निवाला भी छीन रही है। मंत्री पद के रुतबे में मशगूल स्थानीय विधायक अपने आकाओं के सुर में सुर मिलाकर अपना मंत्री पद बचाने में जुटे हैं। जिस जनता ने उन्हें वोट देकर मंत्री बनाया, उसकी तकलीफ से उन्हें अब कोई मतलब नहीं बचा।

उन्होंने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार ने जल्द से जल्द पेट्रोल-डीजल और खाद्य पदार्थों के दामों में कमी नहीं की तो वह दिन दूर नहीं जब जनता इन दोनों सरकारों के खिलाफ सड़क पर उतरकर विद्रोह करेगी। शुक्ला ने अपील की कि जल्द से जल्द से आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी की जाए।

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया की तर्ज पर मप्र में लैंड टाइटलिंग एक्ट होगा तैयार

## देश में लागू करने वाला बन सकता है पहला राज्य

**भोपाल।** मप्र सरकार देश में पहली बार लैंड टाइटलिंग एक्ट लेकर आ रही है। भूमि सुधार आयोग, आयुक्त भू अभिलेख, नगरीय आवास एवं विकास, पंजीयन विभाग सहित अन्य विभाग मिलकर इस एक्ट को मूर्त रूप दे रहे है। इसका मसौदा लगभग तैयार हो चुका है। सात जुलाई को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष इस मसौदे को रखकर इसके पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में चर्चा की जाएगी। अब तक इंग्लैड और ऑस्ट्रेलिया सहित कुछ अन्य देशों में इस तरह का एक्ट सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इंग्लैड में मुनादी कराकर टाइटल निर्धारित किया जाता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया में यूनिक आइडी के जरिए जमीनों का टाइटल निर्धारित होता है। इन दोनों देशों में जमीन के सौदे सिर्फ टाइटल ट्रांसफर के जरिए होते हैं। इन देशों के लैंड टाइटलिंग एक्ट का अध्ययन कर कुछ बिंदु मप्र के लैंड टाइलिंग एक्ट में समाहित किए गए हैं। इसके चलते मप्र में भी जमीनों का सौदा करने के लिए यूनिक आइडी बनाई जाएगी। इसके लिए भू-राजस्व संहिता की कुछ धाराओं में भी संशोधन होगा। वहीं लैंड टाइटलिंग एक्ट को लागू करने के लिए सभी विभागों से डाटा लेकर इसे सिंक्रोनाइज किया जाएगा। इसके बाद जमीन का कितने बार सौदा हुआ, किसने कब किसे यह जमीन बेची, कोई कानूनी विवाद, जमीन पर कोई लोन चल रहा है या नहीं, संबंधित जमीन वाकई में उसकी है या नहीं, भूमि पर कुर्की का कोई मामला तो नहीं है, यह सब जानकारी बस एक क्लिक के माध्यम से मिल जाएगी। इस तरह दावा किया जा रहा है कि इस एक्ट के लागू होने के बाद प्रदेश में जमीन संबंधी कोई विवाद लंबित नहीं होगा।



### ट्रिब्यूनल बनाकर तीन साल में सुलझाएंगे सभी तरह के भूमि विवाद

मप्र सरकार की तरफ से राज्य भूमि सुधार आयोग ने अन्य राज्यों जैसे तमिलनाडु, राजस्थान और महाराष्ट्र के एक्ट को लेकर की गई तैयारियों का भी अध्ययन किया है। हालांकि इन राज्यों में अब तक मसौदा तैयार तो हुआ, लेकिन लागू नहीं हो पाया। इधर, मप्र सरकार एक अभियान की तरह इस मसौदे को लागू करने की तैयारी कर रही है। अब तक इस एक्ट को लेकर दो बैठकें मुख्यमंत्री के साथ हो चुकी हैं। तीसरी बैठक मंगलवार को आयोजित हो रही है। इस बैठक में ट्रिब्यूनल बनाने को लेकर निर्णय हो सकता है। यानी एक ट्रिब्यूनल बनाकर सभी तरह के जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने के लिए तीन साल का समय निर्धारित किया जाएगा। तीन साल तक कोई दावा-आपत्ति नहीं आती है तो फिर संबंधित जमीन का टाइटल भूमि स्वामी के नाम पर निर्धारित कर दिया जाएगा।

### क्या है लैंड टाइटलिंग एक्ट

लैंड टाइटलिंग एक्ट का मतलब जमीन के भूमिस्वामी की पुख्ता पहचान होने से है। इसके लिए हर जमीन का एक यूनिक आइडी होगा। खसरे को आधार और समग्र आइडी से इसे मर्ज किया जाएगा। इसके लिए पूरा डाटा बेस तैयार किया जा रहा है। जो भूमि जिसकी है, वह उसके नाम से रिकॉर्ड में पूरी जानकारी के साथ होगी। इस तरह उस जमीन का टाइटल संबंधित भूमिस्वामी के नाम कर दिया जाएगा। जमीन की खरीद-बिक्री के समय सिर्फ टाइटल ट्रांसफर कर देने से सभी तरह के रिकार्ड आटोमेशन में अपडेट हो जाएंगे। दरअसल, केंद्र सरकार ने मॉडल टाइटलिंग एक्ट का प्रारूप सभी राज्यों को भेजा है। जिसमें मप्र सरकार तेजी से काम कर रही है।

### ये हैं प्रमुख चुनौतियां

जमीन की आइडेंटिटी कैसे निर्धारित होगी।

– हिंदी व अंग्रेजी के फेर में जो राजस्व रिकॉर्ड उलझे हुए है, उन्हें कैसे सुलझाया जाएगा। राजस्व रिकॉर्ड को सत्यापित कैसे किया जाएगा कि वह संबंधित व्यक्ति के नाम पर ही है। नगर निगम ने प्रॉपर्टी आइडी बनाई है, लेकिन यह सिर्फ टैक्स वसूलने के लिए बनाया गया है। इससे जमीन का मालिकाना हक कैसे निर्धारित हो सकता है। खसरा भी 1980 से अब तक राजस्व विभाग सत्यापित नहीं कर पाया है ऐसे में टाइटल निर्धारित करने के लिए खसरे कैसे सत्यापित किए जाएंगे। नगरीय निकायों का बहुत सा डेटा अब तक ऑनलाइन नहीं है। ऐसे में सभी विभागों से डिजिटल रूप में डाटा कैसे लिया जाएगा। अधिकारी और कर्मचारियों की कमी है। ऐसे में मैदानी अमला कहां से आएगा। मिशन मोड पर प्रोजेक्ट पर काम करने पर ही इसे लागू किया जा सकता है अन्य काम प्रभावित किए बगैर। इसके लिए मेनपावर कैसे जुटाया जाएगा। साइबर अटैक से जमीनों के ऑनलाइन रिकार्ड को कैसे बचाया जाएगा।

विश्व में कुछ ही देश ऐसे हैं, जहां लैंड टाइटलिंग एक्ट लागू है। इंग्लैड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में इसे सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। इन देशों के एक्ट का अध्ययन किया गया है। हमारे प्रदेश की परिस्थितियों को भी गंभीरता से देखकर इस मसौदे को मूर्त रूप देने की कोशिश की जा रही है। भूमि सुधार आयोग मिशन मोड पर इस एक्ट पर काम कर रहा है।

**– जीपी सिंहल, अध्यक्ष, राज्य भूमि सुधार आयोग**

# आरपीएफ ने 32 घंटे में ट्रेन पलटाने की साजिश रचने वाले को पकड़ा

**भोपाल।** ट्रेन पलटाने की साजिश रचते हुए हजारों यात्रियों की जान जोखिम में डालने की कोशिश करने वाले बदमाश को पकड़ने में ऐशबाग पुलिस ने भले ही रुचि नहीं ली, लेकिन रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) ने उक्त बदमाश को पकड़ लिया है। आरपीएफ ने इसके लिए दो जवानों की स्पेशल ड्यूटी लगाई थी। दोनों ने 14 दिन की मेहनत के बाद आरोपित को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। 12 मकान, दुकान और कारखानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज 32 घंटे तक खंगाले। फुटेज में बदमाश का हुलिया तो समझ आया लेकिन चेहरा साफ दिखाई नहीं दिया तो आठ मुखबिरों को बुलाकर पहचान करवाई। तब जाकर तय हुआ कि ट्रेन पलटाने की कोशिश भोला उर्फ कार्तिक ने ही की थी। आरपीएफ ने उसे 15वें दिन शनिवार शाम को पकड़ लिया है और ऐशबाग पुलिस को सौंप दिया है। भोला ने कबूला है कि उसने शराब के नशे में ट्रैक पर पटरी रख दी थी। इसी पटरी के टुकड़े से गश्?त कर रहा एक इंजन टकराया था। गनीमत रही कि तेज गति से दौड़ने वाली कोई ट्रेन नहीं टकराई थी। यदि टकराती तो हजारों यात्रियों की जान जोखिम में पड़ सकती थी।




**यह है मामला**

हबीबगंज स्टेशन से 19 जून को रात 11 बजे एक रेल इंजन भोपाल स्टेशन की तरफ जा रहा था, जो पुल बोगदा के पास अचानक तेज आवाज के साथ बंद हो गया। ड्राइवर ने उतरकर देखा तो पता चला कि रेलवे ट्रैक पर आठ फीट लंबी लोहे की पटरी रखी थी, जिससे इंजन टकराया है। इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना की जानकारी देकर उक्त ट्रैक पर आने वाली ट्रेनों को रुकवाया गया था। यदि इंजन की जगह तेज गति से गुजरने वाली ट्रेन होती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।

**हार नहीं मानी**

दरअसल भोला ने रात के अंधेरे में पटरी रखी थी। उसे पकड़ पाना मुश्किल था। भोपाल आरपीएफ थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह और आरक्षक इंदर यादव बताते हैं कि घटनास्?थल के आसपास के चार घंटों के सीसीटीवी कैमरे देख कुछ नहीं मिला। फिर पुल बोगदा के पास मैदा मिल परिसर में लगे कैमरे के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक व्यक्ति घटना के कुछ समय पहले ट्रैक के पास से गुजरता हुआ दिखाई दिया लेकिन वह पहचान में नहीं आया। उक्त हुलिए वाले व्यक्ति का शहर के स्मार्ट पोल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर पीछा करते रहे। कोई बड़ी सफलता नहीं मिली। फिर लगने लगा कि अब बदमाश नहीं मिलेगा। तब भी हार नहीं मानी। सीसीटीवी फुटेज को आठ से 10 मुखबिरों को दिखाया। तब बात साफ होने लगी कि ट्रैक पर पटरी रखने वाला भोला ही है, जिसे पुष्पा नगर से पकड़ लिया है। रेलवे ट्रैक पर पटरी का टुकड़ा रखने की घटना गंभीर थी। भले ही इस मामले में ऐशबाग थाने में अपराध दर्ज था, लेकिन आरपीएफ ने खुद के स्तर पर तय किया था कि आरोपित को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि वह इस तरह की दूसरी घटना को अंजाम न दे सके। इस काम में चंदनसिंह और इंदर यादव को लगाया था। मैं खुद प्रतिदिन समीक्षा कर रहा था। आरोपित को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।

**– बी रामाकृष्णा, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, आरपीएफ भोपाल**

# विद्युत मीटर की ठीक से फोटो ले रहे वाचक, रुकेगी बिलों में गड़बड़ी

**भोपाल।** भोपाल और ग्वालियर में विद्यत मीटर रीडिंग सत्यापन का काम शुरू हो गया है। आज सत्यापन प्रक्रिया का पांचवा दिन है। पहली बार मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने रीडिंग के सत्यापन की व्यवस्था लागू की है। इसके तहत उपभोक्ताओं के घरों में खपत होने वाली रीडिंग को दूसरे मीटर वाचकों से ऑनलाइन सत्यापित कराया जा रहा है। इस काम से पारदर्शिता बढ़ी है। मीटर वाचक मीटरों की ठीक से रीडिंग लेने के साथ मीटरों के फोटो भी सावधानीपूर्वक ले रहे हैं। यह बात यह बात रविवार तक यानी चार दिन की सत्?यापन रिपोर्ट में सामने आई है। पूर्व में मीटर वाचक कई घरों में रीडिंग लेने नहीं पहुंचते थे, मीटर में कुछ और रीडिंग होती थी और नोट कुछ और कर लेते थे। मीटरों के फोटो ठीक से नहीं लिए जाते थे। इस वजह से ली गई रीडिंग और संबंधित मीटर के फोटो में दिखाई देने वाली रीडिंग मेल नहीं खाती थी। गड़बड़ बिल जारी हो जाते थे। उपभोक्ता परेशान होते थे। अब एक मीटर वाचक द्वारा ली जा रही रीडिंग का दूसरे से सत्यापन कराने की व्यवस्था से सुधार हो रहा है। इससे जुलाई माह के बिलों में बड़े स्तर पर सुधार आने की संभावना है। भोपाल शहर में 250 मीटर वाचक हैं इनके द्वारा ली जाने वाली फोटो व अंकित की जाने वाली रीडिंग का दूसरे शहरों के मीटर वाचक ऑनलाइन मिलान कर रहे हैं। यही व्यवस्था ग्वालियर में भी लागू हुई है, जिसे सभी शहरों में लागू करने की योजना है।अब एक मीटर वाचक द्वारा ली जा रही रीडिंग का दूसरे से सत्यापन कराने की व्यवस्था से सुधार हो रहा है। इससे जुलाई माह के बिलों में बड़े स्तर पर सुधार आने की संभावना है। भोपाल शहर में 250 मीटर वाचक हैं इनके द्वारा ली जाने वाली फोटो व अंकित की जाने वाली रीडिंग का दूसरे शहरों के मीटर वाचक ऑनलाइन मिलान कर रहे हैं। यही व्यवस्था ग्वालियर में भी लागू हुई है, जिसे सभी शहरों में लागू करने की योजना है। मीटर वाचक रीडिंग लेते हैं। फिर मीटर के फोटो ले रहे हैं।


उस रिकार्ड को साफ्टवेयर में अपलोड कर रहे हैं। यह रिकार्ड दूसरे जिले के किसी भी मीटर वाचक को मोबाइल में डाउनलोड एप पर आवंटित हो रहा है।संबंधित मीटर वाचक पंच की गई रीडिंग व मीटर के फोटो में दिखाई दे रही रीडिंग का मिलान कर रहे हैं। यदि दोनों माध्यमों से ली गई रीडिंग सही है तो 'यस' का और अंतर मिलने पर 'नो' का विकल्प दबा रहे हैं।

# 40 साल पहले मृत व्यक्ति के नाम से जारी कर दिया गया वैक्सीन सर्टिफिकेट

## जिले के गणमान्य नागरिक रहे तहसीम अली के नाम से जारी किया गया सर्टिफिकेट

सिवनी यशभारत

कोविड 19 से बचाव के लिए अधिक से अधिक वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इन दिनों वैक्सीन सेंटरो में जमकर भीडभाड़ देखी जा रही है। स्थिति यह हो गई कि अब वैक्सीन कम पड़ने लगी है और वैक्सीन लगवाने वाले अधिक हो गये है। इस बीच वैक्सीन सेंटरो में जमकर लापरवाही भी सामने आने लगी है। बताया जाता है कि गत दिवस नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में ऐसी गड़बड़ी सामने आई जो चौकाने वाली है। बताया जाता है कि सिवनी जिले में सैय्यद तहसीम मिस्त्री एक गणमान्य नागरिक रहे हैं जिनका निधन लगभग 35 से 40 वर्ष पूर्व हो चुका है लेकिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल में बनाये गये सेंटर में सैय्यद तहसीम अली के नाम से वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट जारी कर दिया। असल में सै. तहसीम अली के बड़े पुत्र नियाज अली कोविशिल्ड का इंजेक्शन लगवाने के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्कूल गये हुए थे जहां उन्होंने अपना आधार कार्ड देते हुए रजिस्ट्रेशन कराया और कोविशिल्ड का इंजेक्शन लगवाया जब वह वापिस लौटे तो उनके मोबाईल में मैसेज और जब उन्होंने सर्टिफिकेट लोड किया तो उनके होश उड़ गये क्योंकि सर्टिफिकेट नियाज




अली के नाम पर ना आकर उनके पिता सैय्यद तहसीम अली के नाम जारी कर दिया गया। बताया जाता है कि जब सर्टिफिकेट में गलत नाम आने के बाद नियाज अली संबंधित सेंटर पहुंचे तो वहां मौजूद कर्मचारी सर्टिफिकेट सुधारने में हीलाहवाला करने लगे। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि सैय्यद नियाज अली दूसरा डोज किस नाम से लगवायेंगे। सवाल यह भी उठता है कि यदि सैय्यद नियाज अली को बाहर जाना पड़े तो उनका यह सर्टिफिकेट मान्य कैसे होगा? सूत्रों की माने तो कई ऐसे वैक्सीन सेंटर है जहां इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है और गलत सर्टिफिकेट जारी किये जा रहे हैं जिसकी तरफ जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा।

# संस्कृति को बचाने के लिए धर्म के संस्कार जरूरी: आचार्य श्री आर्जवसागर जी

सिवनी यशभारत

**जैन मंदिर में विराजमान आचार्य श्री बिधासागर जी महाराज के शिस्य,आचार्य श्रीआर्जव सागर जी महाराज ने संस्कारों के विषय मे धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जीवन में सुख शांति से जीना है तो बचपन से ही बच्चों को धर्म के संस्कार देने होंगे। संस्कार से ही, संस्कृति बचेगी और जब तक संस्कृति सुरक्षित है तभी तक देश में अमन चैन संभव है। आज घर हो या परिवार,समाज को या प्रदेश,देश हो या राष्ट, नफरत क्यों बढ़ रही है? कभी सोचा?...**



उसका एकमात्र कारण है कि जैसे-जैसे हम अपने धर्म के संस्कारों से विमुख होकर, पश्चिमी हवा में बहने लगे हैं। वैसे वैसे ही विपरीत हालात उत्पन्न हो रहे हैं। इसके लिए कोई दूसरा नहीं वरन हम खुद को ही दोषी माने।

जब बचपन में धर्म के संस्कार देने का सही वक्त होता है तब तो हम सो जाते हैं और पचपन में हमें धर्म कर्म याद आने लगता है। ध्यान रखना- बचपन में दिया गया सुसंस्कार ही एक दिन वटवृक्ष बनता है। उसी से खुशहाली, शांति, सुख, सम्मान व संस्कृति की रक्षा हो पाती है इसलिए जो बीत गया उसे भूल जाओ।अपने वर्तमान को सुधारने के लिए अपने बच्चों को धर्म के संस्कार देना शुरू करो, तभी धर्म की रक्षा होगी। गुरुदेव श्रीआर्जव सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन का सच्चा सुख तभी प्राप्त हो सकेगा,जब हम धर्म की शरण लेंगे।,पुज्य आचार्य श्री के नगर आगमन से समाज मे धर्म का माहौल बना हुआ है ,नित्य सुबह आभिसेक पूजन ,साथ मे मुनिश्री भाग्य सागर जी ,महत सागर जी,विभोर सागर जी, साधु महाराजो द्वारा धर्मिक क्लाश,प्रश्न मंच,का आयोजन किया जा रहा है, ,, पुज्य आचार्य आर्जब सागर जी महाराज ससंघ का लखनादौन में चतुर्मास हो सम्पूर्ण जैन समाज ने आचार्य संघ से निबेदन किया,

### आवश्यक दवाइयां का रखें स्टॉक

सिवनी। कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर की तैयारियां को लेकर स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों व विकासखंड स्थित उपस्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधन व ऑक्सीजन युक्त बैड की जानकारी ली गई। कोविड-19 की थर्ड वेब के मद्देनजर आवश्यक संसाधनों व दवाइयों से शेष रह गए उपस्वास्थ्य केंद्रों में शीघ्र ही पर्याप्त बैड व आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला अस्पताल व सभी उपस्वास्थ्य केंद्रों में सभी जरूरी संसाधन, आवश्यक दवाइयां, पर्याप्त ऑक्सीजन बैड, ऑक्सीजन सिलिंडर, फ्लोमीटर सहित जरूरी सामग्री व दवाइयों के स्टॉक रखने के निर्देश दिए

# मुनमुन ने वृक्षारोपण कर जिम का किया अवलोकन

सिवनी यशभारत

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सुबह सिवनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले भोंगाखेड़ा एवं मानेगांव ग्राम पंचायत पहुंचे जहां उन्होंने जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक दुबे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में वृक्षारोपण किया जिसके बाद विधायक दिनेश राय मुनमुन विधायक निधि से प्रदत्त बबरिया जिम का अवलोकन करने भी पहुंचे। इस अवसर पर दिनेश राय मुनमुन ने आग्रह किया कि वृक्षारोपण के बाद वृक्षो की देखरेख करना हम सबकी जिम्मेदारी है ताकि वृक्ष बडे होकर आक्सीजन दे सके। उन्होंने यह भी कहा कि गांव गांव में जिम खोलने का उद्देश्य भी यही है कि ग्रामीण क्षेत्र के युवा जिम के माध्यम से स्वस्थ रख सके। इस अवसर पर आलोक दुबे जिलाध्यक्ष भाजपा, अजय डागोरिया, गजानंद पंचेश्वर, नरेन्द्र ठाकुर, एड. विनोद सोनी, श्याममिलन पांडे , संजय सोनी, रामजी चंद्रवंशी, शिव सनोडिया, अखिलेश खेडीकर, कपिल तिवारी, पवन बिसेन, युवराज सिंह राहंगडाले, अजय पांडे, राधेश्याम देशमुख, मनोज नामदेव, चंचलेश साहू, राजेश डहेरिया, रामकिशोर यादव सरपंच, शेरसिंह उईके, टीकाराम चंद्रवंशी, सतीश डहेरिया व ग्रामवासी उपस्थित थे।





## प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि में सहायक सचिव की बुरी नज़र

**सिवनी यशभारत।** जनपद पंचायत कुरई के अंतर्गत आने वाली पंचायत खवासा में सहायक सचिव इरफानुद्दीन उर्फ पम्मी की मनमर्ज़ी के हितग्राहियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने कलेक्टर को की गई शिकायत में बताया है कि सहायक सचिव द्वारा आवास योजना की राशि स्वीकृत होने पर कमीशन की मांग की जाती है कमीशन ने देना पर उन्हें परेशान किया जाता है। और जिनके द्वारा सहायक सचिव को चढ़ोत्तरी दे दी जाती है उन्हें योजना का लाभ आसानी से दिला दिया जाता है जो राशि नही देते उनको भटकाया जाता है। पीड़ित हितग्राही ने कलेक्टर से मांग की है कि ऐसे भृष्ट सहायक सचिव पर कार्यवाही करते हुए उसे तत्काल हटानें की मांग की है

## जिले के 3 ग्राम में 100 प्रतिशत वैक्शीनेशन

सिवनी ।03 जुलाई को जिले की दो जनपद पंचायत सिवनी एवं कुरई के 3 ग्राम में 100 प्रतिशत वैक्शीनेशन पूर्ण हो गया है। ज्ञात हो कि सिवनी जनपद के ग्राम पंचायत मारबोडी के ग्राम मारबोड़ी एवं कुरई जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बिछुआमाल के ग्राम सांवगी एवं ग्राम पंचायत कलबोड़ी के ग्राम बिहिरिया में मतदाता सूची के अनुसार दर्ज व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो गई उन सभी का वैक्शीनेशन करा लिया गया है । मतदाता सूची में गर्भवती महिला, घात्री महिला,ग्राम से बाहर या गंभीर बीमारी से पीड़ितों को छोड़कर सभी वयस्कों का टीकाकरण हो गया है ।तीनों ग्राम पंचायतों के प्रधान, सचिव, आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक, कोटवार सीएचओ एवं पंचो के द्वारा टीकाकरण पूर्ण होने का प्रमाणपत्र जारी किया है ।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता पर किया पौधारोपण

**केवलारी।** पर्यावरण को बचाने और मानव, प्राणी,जीवजंतुओं के जीवन के लिए अत्यंत ही आवश्यक पेड़ पौधों की सुरक्षा और पौधारोपण करना बहुत ही जरूरी है। इसी तारतम्य में नगर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर विपणन प्रदर्शनी विपणन संघ के तत्वाधान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण को बचाने के लिए आम, पीपल, बरगद, नींबू, नींम, अमरूद आदि पौधों का प्रियदर्शनी विपणन सहकारी समिति मर्यादित केवलारी के प्रभारी प्रबंधक पृथ्वी साहू,ऑपरेटर अरुण साहू की उपस्थिति में नगर के इरफान खान, शाश्वत पांडेय, संस्कार तिवारी, श्रेयांश पांडेय, इरशाद खान ने समिति के प्रांगण में रोपण किया।साथ ही इन पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हुए उन्हें ट्री गार्ड से सुरक्षित किया।

# नर्सेस एसोसिएशन की मांगों को समर्थन देने राजकुमार खुराना पहुंचे धरना



सिवनी यशभारत

इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी में पिछले कई दिनों से अपनी मांगो को लेकर धरने पे बैठे नर्सेस एसोसिएशन की मांगो को समर्थन देने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना धरना स्थल पर पंहुचे, उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठी केन्द्र की मोदी सरकार हो या प्रदेश की शिवराज सरकार आपके द्वारा किये गये कार्यो का श्रेय लेना तो जानती है आपको कुछ देना नही चाहती। कोरोना संक्रमण के दौरान सबसे अधिक सेवा आप नर्स बहनों ने दी है। भाजपा सरकारें बुलट ट्रेन और हवाई यात्रा के सपने देश के लोगों को दिखा रही है, जबकि आज आवश्यकता है मूलभूत आवश्यकताओं की जिसमें प्रमुख चिकित्सा स्टाफ व सामाग्री है।

प्रदेश में कमलनाथ की सरकार के समय जिला चिकित्सालय की जो कायाकल्प किया गया था, प्रदेश में जिला चिकित्सालय सिवनी ने प्रथम स्थन प्राप्त किया था, उस समय कायाकल्प से कोरोना संक्रमण के दौरान कोरोना मरीजो को जिले में ईलाज सम्भव हो सका। जिला कांग्रेस द्वारा जिले के कांग्रेस विधायकों एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ के माध्यम से विधान सभा में मध्यप्रदेश नर्सेस एसोसिएशन की सभी मांगो को रखा जायेगा। इस अवसर पर अशोक चैबे, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, आनंद पंजवानी, देवधर सक्सेना, सुमित मिश्रा उपस्थित रहें।

## नर्सेस के सम्मान और अधिकार के संघर्ष को नागरिक मोर्चा ने दिया समर्थन

**सिवनी यशभारत।** नर्सो के द्वारा इन दिनों विभिन्न मांगो को लेकर हड़ताल किया जा रहा है जिन्हें अब राजनैतिक दलो का भी समर्थन मिलने लगा है। बताया जाता है कि नागरिक मोर्चा ने भी नर्सिंग स्टॉफ की हड़ताल को समर्थन देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर रखने में नर्सिंग स्टाफ की कितनी महत्वपर्ण भूमिका रहती है, यह बात सभी जानते है। नागरिक मोर्चा ने कहा कि कोरोना महामारी में जहां नर्सेस ने फ्रंट लाइन वर्क ( कोरोना योद्धा) के रूप में जो काम किया और लोगो की जान बचाई वो भी अपनी जान की चिंता किए बिना यह तारीफ के काबिल है, किन्तु इतना सब करने के बाद भी, आज उन्हें अपनी मूलभूत मांगो के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ज्ञात है कि पिछले काफी समय से नर्सेस एसोसिऐशन मध्य प्रदेश अपनी 12 सूत्रीय मांगो को पूरा करने के लिए शासन प्रशासन तक ज्ञापन व अन्य तरीकों से उन तक पहुंची है। इन मांगों में - उच्च स्तरीय वेतनमान (सेकंड ग्रेड) अन्य राज्यों की तरह मध्य प्रदेश की सभी नर्सों को दिया जाए। पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। कोरोनाकाल में शहीद हुए नर्सिंग स्टाफ के परिजनों को अनुकंपा तथा 15 अगस्त को राष्ट्रीय कोरोना योद्धा के



रूप में सम्मानित किया जाए। इस प्रकार की 12 मांगे शामिल है किन्तु अभी तक उन मांगो पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके बाद नर्सेस एसोसिऐशन मध्य प्रदेश के द्वारा 28 जून को समस्त नर्से सामूहिक अवकाश पर रही और 30 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी हुई हैं। जिसमे सिवनी में जिला अस्पताल का नर्सिंग स्टाफ भी अस्पताल परिसर में हड़ताल पर बैठा हुए है। 3 जुलाई को नागरिक मोर्चा के सदस्यों का समूह इन सभी नर्सेस के सम्मान में और उन्हें समर्थन देने के लिए जिला अस्पताल पहुंचा। साथ ही उन्हें हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

## रास्ता भटकी बच्ची को डायल-100 सेवा ने माता-पिता से

**सिवनी यशभारत।** जिला सिवनी थाना कोतवाली के अंतर्गत एकता कॉलोनी में बैंक के पास में सिवनी निवासी मयंक गौर को 03 वर्षीय की एक बच्ची अकेली घूमते हुये मिली थी , जो घर का रास्ता भटक गयी थी । मयंक ने मानवता का परिचय देते हुये डायल-100 सेवा को कॉल कर घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल को दी एवं पुलिस सहायता माँगी । राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल द्वारा सूचना प्राप्ति पर जिले की डायल-100 वाहन क्र.01 को घटना का विवरण देकर रवाना किया गया। डायल-100 एफ.आर.व्ही. मे तैनात सउनि सतेन्द्र चौहान और



पायलेट वीरेंद्र सिंह ने मौके पर पहुँचकर बच्ची को संरक्षण मे लिया गया। बच्ची को साथ लेकर आस-पास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर बच्ची के परिजन उसे ढूँढते हुए मिले। जिन्हे बच्ची द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत उनके सुपुर्द किया गया।

### बगिया में खिले पवित्र ब्रहमकमल के तीन पुष्प



सिवनी। अलौकिक अकल्पनीय एवं असीम आर्कषक पवित्र पुष्प बृह्मकमल है। बीती रात बारापत्थर क्षेत्र के बालाजी नगर में विरष्ठ पत्रकार आनंद खरे के निवास बगिया में एक साथ तीन तीन बृह्मकमल पुष्पित हुये मंगलदायी अव्दितीय पुष्प बृह्मकमल रात्रि के प्रथम प्रहर में खिलता है।

## केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह का सघन उगली मंडल

### विधायक जी घर घर जाकर कोरोना से दिवंगतों के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं ,साथ ही वेक्सिनेशन कराने कर रहे निवेदन

**केवलारी यशभारत।** विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राकेश पाल सिंह आज 4जुलाई को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के उगली मंडल में के इमली टोला, खुरसुरा, खुर्सीपार, जेवनारा, नाइटोला, बेलगांव, हीरापुर, कटौली, पिपरिया,सरेखा खुर्द, पूना टोला, सुआ, टकटुआ,उगदीवाड़ा सभी ग्रामो का दौरा किया।

कोविड-19 मे दिव्यगन्त हुए परिवारों से मिलने पहुंचे विधायक श्री ने कोविड-19 से मृतकों हुए परिवारों के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर कोविड-19 के बचाव के सुझाव भी दिए इस अवसर पर केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने कहा कि कोविड-19 महामारी है।महामारी से बचने हेतु विधायक श्री राकेश पाल सिंह जी ने वेक्सीन लगवाने का आग्रह किया।स्वयं भी टीका लगवाये ओर आपने परिजन को भी लगवाये।हमें तीसरी लहर से अपने आपको ओर अपने परिजन को बचाना है तो वेक्सीन जरूर लगवाना है। विधायक जी घर घर जाकर वेक्सीन लगवाने का आग्रह किया।इस महामारी से बचने के लिए निश्चित तौर पर हमें मास्क लगाना अति आवश्यक है नियमित रूप से कोंविड-19 के बचाव के लिए दिए गए सुझाव पर अमल करेंगे तो निश्चित ही हम ऐसी महामारी से सुरक्षित हो पाएंगे इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के कई गांव में राकेश पाल सिंह जी ने दौरा किया और जहां जहां कोविड़ 19 मे मृतको के परिवारों जनो के घर पहुंच कर परिवार जनों को उनकी इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ हर तरह से सहयोग करने की बात कही शोक संवेदना व्यक्त किया।मंडल अध्यक्ष संजय उइके, जिला कार्यकारिणी सदस्य त्र्यम्बक शरण मिश्रा जिला कार्यकारिणी सदस्य टिकेश्वर बिसेन जिला कार्यकारिणी सदस्य जागेश्वर बिसेन वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमकार सिंग ठाकुर ,महामंत्री द्वय अखिलेश ठाकुर एवम ललित चौधरी, भुवन लाल ठाकुर, नत्थू लाल राणा, टेकराम कटरे, भोला अहिरवार, शैलेश ,महेश जयतवार,पंकज पटले, सरपंच नेवारगाव, सुंदर ठाकरे,दिहन बिसेन,मंगल बघेल, विष्णु श्री वश्त्री, अशोक मरकाम,मुकेश पटले,मेघराज टेम्भरे, दिहन बिसेन,शिव लाल टेकाम,भोजराम उइके,घनश्याम ठाकरे,देवी चौधरी,भोला अहिरवार,रूपेंद्र उइके,सुभाष राऊत,बसंत बोपाचे,अरविंद टेमरे ,अनूप विषेन, जनपद पंचायत सदस्य रामाधार अहिरवार,चांद्र भुसन विषेन,योगेंद्र टेमरे, पूना राम चौधरी, अशोक पटले,आमिष देशमुख,ब्रजेश पटले,सतीस चौधरी, नंदू मरकाम,सोकेश जेतबार,जागेश्वर पारधी, अनुज नागेश्वर,शिव भगत,कंचन कटरे, तामेश्वर रंगड़ाले,दुर्गा राणे ,बबलू, सरपंच देवकी बाई रिनायर सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### सहकारी समिति कार्यालय परिसर पर वृक्ष रोपित किए



**छपारा यशभारत।** 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कार्यालय परिसर पर आम, जामुन ,आंवला पीपल और नीम के फलदार एवं छायादार वृक्षों को रोपित किया गया समिति प्रबंधक शेख शब्बू अंसारी के द्वारा बताया गया कि लगाए की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए रोपित किए गए वृक्षों के आसपास उन्हें सुरक्षित करने के उद्देश्य से जाली लगाई जाएगी साथ ही समय-समय पर इन वृक्षों की निगरानी समिति के द्वारा लगातार की जायेगी इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्रीमती रंजना तिवारी, समिति प्रबंधक शेख शब्बू अंसारी सहित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घूमन्तु जनों एवं मानसिक रूप से विक्षिप्तके लिए विशेष ऐक्सीन अभियान

**सिवनी यशभारत।** जिला प्रशासन एवं जिला चिकित्सालय जिला सामाजिक न्याय द्वारा विशेष अभियान के तहत रास्तों पर घूमने वाले एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के लिए विशेष वैक्सीन अभियान प्रारंभ किया गया जिसमें विज्ञान जागरूकता के अंतर्गत यस2021 अभियान मैं संलग्न जिला समन्वयक विजय शुक्ला द्वारा विद्यालय के छात्र मोनू एवं आशीष एवं आसरा फाउंडेशन के स्वयंसेवकोंके साथ मिलकर विशेष अभियान को सफल बना कर सड़कों पर घूमने वाली लगभग 10 लोगों को वैक्सीन लगवाकर इस अभियान में अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया गया इस अभियान के अंतर्गतशहर एवं बसस्टेड में मांग कर खाने वाले एवं मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के द्वारा विरोध करने के बावजूद जिला चिकित्सालय में संलग्न नर्सश्रीमती राखी बघेल बीएलओ वाहिद खान शिक्षिका श्रीमतीशाहिन परवीन एवं श्रीमती मीना गौर प्राथमिक शाला हिंदी मैन बोर्डद्वारा उन्हें वैक्सीन प्रदान कर उनका जीवन सुरक्षित किया गया।

# अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में हुआ वृक्षारोपण

**बरघाट यशभारत।** मार्केटिंग सोसायटी बरघाट में शनिवार को राइस मिल प्रांगण बरघाट में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मार्केटिंग सोसायटी के प्रशासक श्री के0आर0कोरी सहकारिता सिवनी, जिला भाजपा सिवनी के सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर, वार्ड के पूर्व पार्षद ऋषभ जायसवाल , पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष, अजय त्रिवेदी, फारुख फैजान,ओमकार बघेल, सोसायटी प्रबंधक अशोक भलावी जी, शिवशंकर शर्मा , अमरसिंह कटरे,अनिल श्रीवास,देवचंद रफीक खान,श्रीराम सिरसाम,जितेंद्र प्रजापति की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर वहां उपस्थित ग्राम धोबी सर्रा के रघुवीर सिंह रहांगडाले ने वृक्षारोपण कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों को फल भेंट किया, वृक्षारोपण के अवसर पर उन्होंने भी वृक्ष लगाया।



# दिल में भी बैठ गया था डर

जब डासिंग रियलिटी शो डांस दीवाने का सीजन 3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। जहां एक तरफ शो के कंटेस्टेंट्स अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों को जीतते हैं वहीं शो में बहुत से बेहतरीन कलाकार पहुंचकर काफी मस्ती भी करते हैं।



### जैकी श्रॉफ की पत्नी आयशा ने मुंबई की सड़क पर बदमाशों की जमकर की थी पिटाई, एक्टर के दिल में भी बैठ गया था डर



**नई दिल्ली।** डासिंग रियलिटी शो डांस दीवाने का सीजन 3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। जहां एक तरफ शो के कंटेस्टेंट्स अपनी शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों के दिलों को जीतते हैं, वहीं शो में बहुत से बेहतरीन कलाकार पहुंचकर काफी मस्ती भी करते हैं। हाल ही में डांस दीवाने 3 के सेट पर बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ और सुनील शेट्टी पंहुचे। यहां पहुंचकर इन दोनों कलाकारों ने डांस दीवाने 3 की जज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के साथ काफी मस्ती की। साथ ही सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ढेर सारी बातें कीं। इन दोनों ने अपनी पत्नियों के बारे में खास खुलासे



किए। डांस दीवाने 3 के होस्ट राघव जुयाल ने जैकी श्रॉफ और सुनील शेट्टी से पूछा कि क्या वह अपनी पत्नियों से डरते हैं ? इस पर दोनों ने %हां% कहा है। इसके बाद जैकी श्रॉफ ने अपनी पत्नी आयशा से जुड़ा खास किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया है कि वह अपनी पत्नी से तब से डरते हैं जब उन्होंने आयशा श्रॉफ को एक बदमाश को मारते हुए देखा था। अंग्रेजी वेबसाइट जूम की खबर के अनुसार जैकी श्रॉफ ने कहा, %खाली नाम दादा है बिड्डू। मैं हमेशा डरता आया हूं, आज से नहीं पहले से। मैंने नेपियर रोड पर, फाइट करते हुए देखा मेरी पत्नी को दोस्त के लिए। मेरे दोस्त और मैं कुछ ऐसी चीजें हो गई वहां पर तो बहुत बड़ा गैंग हमको धोने के लिए आ गया था। जैकी श्रॉफ ने आगे कहा, मैंने अपनी पत्नी को पहली बार किसी को धोते हुए देखा, तब से डरता हूं ।इसके अलावा डांस दीवाने 3 के सेट पर शो के होस्ट राघव ने जैकी श्रॉफ और सुनील शेट्टी से पूछा कि अगर फिल्म में कोई सुंदर सी हीरोइन होतो फीस कम करने के लिए कौन तैयार हो जाता है। जिसके जवाब में सुनील शेट्टी तपाक से कहते हैं, %मैं तो फीस लेता ही नहीं हूं। इसके अलावा जैकी श्रॉफ और सुनील शेट्टी ने और भी कई खुलासे किए। वहीं बीते दिनों जैकी श्रॉफ ने खुलासा किया था कि साल 2003 में आई फिल्म बूम के बाद वह आर्थिक तंगी से गुजरने लगे थे। इस फिल्म का निर्देशन जैकी की पत्नी आयशा श्रॉफ ने किया था। 18 साल बाद इस फिल्म से जुड़ी बातें सामने आ रही हैं। कैसे फिल्म के फ्लॉप होने के बाद जैकी श्रॉफ और उनका परिवार पर फाइनेंशियल क्राइसिस आ गया था। नौबत घर बेचने तक कि आ गई थी। इस फिल्म से कटरीना कैफ ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कटरीना के अलावा फिल्म में अमिताभ बच्चन और जैकी श्रॉफ, गुलशन ग्रोवर, पद्मा लक्ष्मी, मधु सप्रे, जीनत अमान भी थीं।


# ‘कहो ना प्यार है मूमेंट



### चंकी पांडे की बेटी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है लेकिन इतने कम सालों में ही वो अक्सर किसी न किसी वजह से लोगों के बीच चर्चा में रहती हैं। अनन्या सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



**नई दिल्ली।** चंकी पांडे की बेटी और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने हाल ही में बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया है, लेकिन इतने कम सालों में ही वो अक्सर किसी न किसी वजह से लोगों के बीच चर्चा में रहती हैं। अनन्या सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी मज़ेदार फोटोज़ इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने बीच से अपनी कुछ फोटोज़ इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। इन फोटोज़ में अनन्या ऋतिक रोशन और अमिशा पेटली की सुपरहिट फिल्म ‘कहो ना प्यार है’ का एक सीन रीक्रिएट करती दिख रही हैं। इन फोटोज़ में अनन्या ने काफी सिंपल और प्यारी लग रही हैं जिन्हें देखकर अपको फिर से ‘कहो ना प्यार है’ वाली अमीषा पटेल की याद आ जाएगी। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर चार फोटोज़ शेयर की हैं जिनमें वो अलग-अलग पोज देती दिख रही हैं। किसी फोटो में अनन्या बीच पर भागती हुई दिख रही हैं तो किसी फोटो में वो साइड पोज़ दे रही हैं। इन फोटोज़ में अनन्या ने सफेद रंग की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है जिसके ऊपर उन्होंने ग्रीन कलर की जैकेट कैरी की हुई है। इस ड्रेस में अनन्या काफी क्यूट लग रहे हैं। लेकिन एक्ट्रेस ने इन फोटोज़ के साथ जो कैप्शन लिखा है उसकी चर्चा फोटोज़ से ज्यादा हो रही है। फोटो शेयर करते हुए अनन्या ने लिखा है, %खुद के साथ मेरा कहो ना प्यार है मूमेंट। (लेकिन इसका अंत अच्छे से नहीं हुआ)%। अनन्या के इस फोटो पर फिल्म डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह ख़ान ने कमेंट किया है और अनन्या को कोरियोग्राफ करने की इच्छा ज़ाहिर की है। फराह ने फोटो पर कमेंट करते हुए लिखा, %कहो ना प्यार है पार्ट 2...इसमें मैं तुम्हें कोरियोग्राफ करूंगी%। आपको बता दें अनन्या ने साल 2019 में ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2’ से ही बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इसके बाद वो कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर के साथ ‘पति पत्नी और वो’ में नज़र आ चुकी हैं।



# चेन स्मोकर है तारक मेहता.. के बापूजी का किरदार!

**नई दिल्ली।** टीवी पर पिछले 13 सालों से तारक मेहता का उल्टा ने धूम मचाई हुई है। इतने सालों में शो के किरदारों ने लोगों के दिनों में खास जगह बना ली है। लीड किरदार जेठालाल के पिता चंपकलाल गड़ा अपने गुस्सैल अंदाज के लिए जाने जाते हैं। शो में हमेशा बेटे को संस्कारों का पाठ पढ़ाने वाले बापूजी एक चेन स्मोकर हैं उनके लबों पर हमेशा बीड़ी लगी ही रहती है।

### बीड़ी पीने हैं बापूजी


टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा गुजराती के मशहूर कॉलमीनिस्ट तारक मेहता के कॉलम दुनिया नू ऊंधा चश्मा से प्रेरित है। इस कॉलम में वह काल्पनिक किरदारों के जरिए तारक मेहता रोजाना की घटनाओं पर व्यंग करते हैं। इसमें जेठालाल गड़ा के पिता चंपकलाल गड़ा एक चेन स्मोकर हैं। वह खूब सारी बीड़ी पिया करते हैं।

### जेठालाल से 5 साल छोटे हैं बापूजी

चंपकलाल गड़ा का किरदार अमित भट्ट निभा रहे हैं। अमित भट्ट केवल 48 साल के हैं। इसका मतलब है कि वो अपने ऑनस्क्रीन बेटे जेठालाल यानि दिलीप जोशी से छोटे हैं। डीएनए की रिपोर्ट के अनुसार अमित भट्ट को एक एपिसोड के करीब 80 हजार रुपए फीस मिलती है। दिलीप जोशी और अमित भट्ट ने इससे पहले टीवी सीरियल एफआईआर में साथ काम किया था।

### बादशाह के गाने में आए थे नजर

पिछले दिनों रैपर बादशाह के गाने पानी-पानी पर बापूजी का एक वीडियो वायरल हो रहा था। इस वीडियो में अमित को फैन्स ने खूब पसंद किया। बता दें कि तारक मेहता की शुरूआत से ही अमित इस शो के साथ जुड़े हुए हैं। शो में चाहे जितने भी किरदार बदले हों पर अमित उन चंद लोगों में हैं जो अभी तक शो में बने हुए हैं। क्रुति भट्ट से की शादी अमित भट्ट की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने क्रुति भट्ट से शादी की है। अमित सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते हैं। क्रुति भट्ट किसी एक्ट्रेस से कम नहीं हैं।



# लोग उड़ाते थे मज़ाक

### शरद केलकर टीवी इंडस्ट्री में अपना नाम कमाने के बाद अब बॉलीवुड में अपनी पहचान बना रहे हैं। ‘तानाजी’ और ‘लक्ष्मी’ में अपनी उम्द एक्टिंग दिखाने बाद शरद एक वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर उभरकर सामने आए हैं जिनकी लगातार तारीफ की जा रही है।

**नई दिल्ली।** फेमस एक्टर शरद केलकर टीवी इंडस्ट्री में अपना नाम कमाने के बाद अब बॉलीवुड में अपनी पहचान बना रहे हैं। ‘तानाजी’ और ‘लक्ष्मी’ में अपनी उम्द एक्टिंग दिखाने बाद शरद एक वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर उभरकर सामने आए हैं जिनकी लगातार तारीफ की जा रही है। इन दिनों शरद अमेज़न प्राइम वीडियो की मोस्ट सक्सेसफुल सीरीज़ ‘द फैमिली मैन’ को लेकर काफी चर्चा में हैं जिसे काफी अच्छा रिस्मॉन्स मिला है। लेकिन इन सब तारीफों के बीच शरद ने अपनी जिंदगी से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है। एक्टर ने बताया है कि बचपन में लोग उन्हें बहुत चिढ़ाते थे, उनका मज़ाक बनाते थे क्योंकि उन्हें हकलाने की समस्या की। द न्यू इंडयिन एक्सप्रेस से बात करते हुए शरद ने बताया, ‘आपको पता है पहले मुझे हकलाने की समस्या थी। इस वजह से बचपन में मेरा बहुत मज़ाक बनाया गया है लोग मुझे बहुत बुली करते थे। लेकिन अब मुझे देखिए। मैं उस जगह हूं जहां मेरी स्पीच स्किल्स का इस्तेमाल किया जाता है’। आपको बता दें कि शरद इससे पहले भी अपनी हकलाने की समस्या कि जिक्र कर चुके हैं। टाइम्स नाओ को दिए एक इंटरव्यू में शरद ने बताया था कि, ‘हकलाने की परेशानी की वजह से मैंने बहुत रिजेक्शन झेला है। तो एक्टिंग तो मेरे लिए बहुत दूर की बात थी। मैं बहुत हकलाता था, इसलिए रिजेक्ट हो जाता था। लेकिन इस वजह से मैं मज़बूत बना, रिजेक्शन ने मुझे चीज़ों को सुधारने की ताकत दी और मैंने हकलने हकलाने की समस्या से छुटकारा पा लिया। इस परेशानी से निकलने में मुजे दो साल लगे। मुझे लगता है रिजेक्शन अच्छे होते हैं, क्योंकि वो आपको आपके लक्ष्य के लिए और मेहनत करने की ताकत देते हैं’। आपको बता दें %बाहुबली% में प्रभास के लिए वॉयस ओवर शरद न ही किया है।

# मकान के लिए बेटा बना दुश्मन

## बैंक के गनमैन ने किराये के गुंडों से भाई पर कराया हमला

**जबलपुर, यशभारत। रांझी पुरानी बस्ती में रहने वाले एक युवक ने अपने पिता और भाईयों पर किराये के गुंडों से हमला करा दिया। इस खुलासा उस वक्त हुआ जब मकान बेचने की जिद में अड़े युवक की हरकतों से परेशान होकर उसके पिता और भाभी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।**

शिकायत करने पहुंचे रांझी पुरानी बस्ती झण्डा चौक निवासी नर्मदा प्रसाद तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसके तीन बेटे है। सबसे बड़ा बेटा पवन तिवारी, दूसरा राधेश्याम तिवारी और सबसे छोटा बेटा दीपक तिवारी। बड़ा और मंझला बेटा दूध का व्यवसाय करते हैं जबकि छोटा बेटा यूनियन बैंक में गनमैन है। बीते कई दिनों से छोटा बेटा दीपक तिवारी मकान बेचने की बात कह रहा है, लेकिन इसके लिए दोनों बेटे राजी नहीं है। इसी बात को लेकर छोटे बेटे दीपक ने तीन लड़कों को घर भेजा और उन्होंने बड़े बेटे पवन तिवारी पर राड और चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने मैं आया तो किराये के गुंडों ने उस पर भी हमला घायल कर दिया।


बहू के साथ ससुर पहुंचा एसपी कार्यालय शिकायत करने

### एक दिन तीन लड़कों को घर लेकर पहुंचा था

घायल पवन तिवारी की पत्नी अर्चना तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पहले देवर दीपक तिवारी कुछ लड़कों के साथ घर पहुंचा था और घर बेचने को बोल रहा था। घर के सभी लोगों ने घर बेचने से मना किया तो दीपक नाराज हो गया और अपने साथियों से कहने लगा कि इन्हें ठिकाने लगाना है।

### घर के बाहर चाय पी रहा था बेटा तब हुआ हमला

शिकायतकर्ता नर्मदा प्रसाद तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को बड़ा बेटा पवन तिवारी घर के बाहर बैठक चाय पी रहा था तभी एक बाइक में तीन युवक पहुंच और गाली गलौज करते हुए राड और चाकू से हमला कर दिया। हमले में पवन तिवारी बुरी तरह से घायल हो। बीच-बचाव करने में पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी को भी चोट आई हैं। विवाद की जानकारी जब मोहल्ले वालो को लगी तो सभी घर से बाहर निकले इसे देखकर तीन युवक फरार हो गए।

डेढ़ लाख दो नहीं तो कहानी बनवा दूंगा

शिकायतकर्ता नर्मदा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कुछ दिनों से दीपक तिवारी अपनी ससुराल में रह रहा है। इसकी हरकतों से तंग आकर रांझी थाने में शिकायत की गई इस पर नाराज होकर दीपक घर पहुंचा और धमकी दी कि अगर शिकायत वापस नहीं ली और उसे डेढ़ लाख रूपये नहीं दिए तो सबकी कहानी बनवा दूंगा।

### यूनियन बैंक में गनमैन की नौकरी करता है आरोपी

पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत में परिजनों ने बताया कि आरोपी दीपक तिवारी यूनियन बैंक रांझी में गनमैन के पद पदस्थ है। बीते कई सालों से आरोपी घर बेचने की बात कह रहा है। उसका कहना है कि घर नहीं बेचा गया तो अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को अपना हिस्सा बेच देगा। इधर पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी का कहना है कि तीनों बेटों को मकान हिस्सा दे दिया गया, ऊपर के हिस्से में वह रहते हैं और जब तक वह जिंदा है तो अपना हिस्सा नहीं बेचेंगे।

# आइसक्रीम की तलफ रात में नौकर के साथ चोरी करने पहुंचे शॉप

जबलपुर, यशभारत। आधी रात में एक किशोर और 3 युवकों को आइसक्रीम खाने की ऐसी तलफ लगी कि उन्होंने शॉप में चोरी करने का प्लान बनाया। इसके लिए उन्होंने शॉप नौकर को साथ में लिया और चोरी करने दुकान पहुंच गए परंतु वह आइसक्रीम चुराकर खा पाते उससे पहले दुकान मालिक पहुंच गया और 4 को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूरा मामला केंट क्षेत्र स्थित इंडियन डेरी आइसक्रीम दुकान का है। केंट थाना प्रभारी विजय तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन डेरी आइसक्रीम दुकान के संचालक हर्ष कुमार ने सूचना दी कि उसकी दुकान में 4 युवक चोरी की नीयत से घुसे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो केंट के रहने वाले नवीन खरे, माइकल स्वामी, प्रफुन्न चौधरी और एक नाबालिग किशोर को क्षेत्रीय लोग पकड़कर रखे थे। चारों से पूछताछ की गई तो सभी स्वीकार किया आइसक्रीम खाने वह दुकान में घुसे थे।

### नौकर को साथ में लिया फिर बनाया प्लान

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 किशोर और दो युवकों को रात में आइसक्रीम खानी थी ,उन्होंने इंडियन आइसक्रीम दुकान में काम करने वाले नवीन खरे से संपर्क किया। नवीन खरे ने दुकान की छाबी चुराते हुए अपने दोस्तों को दुकान के पास बुला लिया। लेकिन आधी रात में जब दुकान खुली देखी तो कुछ लोगों ने दुकान संचालक को फोन कर दिया। इसी बीच दुकान संचालक अपने साथियों को लेकर दुकान पहुंच गया जहां पर 1 किशोर और 3 युवक दुकान में चोरी करते पकड़े गए।

## जबलपुर हवाला कांड

# तार भोपाल से जुड़े



राजधानी के दवा कारोबारी और सतना के व्यापारी के नामों का खुलासा,

**जबलपुर।** नोटबंदी और जीएसटी लागू होने के बाद से हवाला कारोबार में तेजी आई है। कोरोना के बाद इसमें और उछाल आया है। सूत्रों की मानें तो तीन प्रतिशत वाले इस गोरखधंधे में सात प्रतिशत तक मुनाफा हो रहा है। यही कारण है कि हवाला कारोबारी रकम पहुंचाने के लिए अलग-अलग पैतरे अपना रहे हैं। अलग-अलग युवक-युवतियों को भोपाल, मुम्बई, दिल्ली, गुजरात जैसे शहरों में हवाला की रकम लेकर भेजा जाता है इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल की जबलपुर पोस्ट ने शनिवार को हवाला के जो 50 लाख 94 हजार रुपए जब्त किए। अब इसकी जांच आयकर विभाग कर रही है। प्रारंभिक छानबीन में भोपाल और सतना के दो कारोबारियों का नाम सामने आए हैं। भोपाल का कारोबारी जहां दवा व्यवसायी है। वहीं सतना के कारोबारी के अभी नाम तक सामने आया है। गिरफ्त में आए राजेश पाल के पास से मिले मोबाइल नम्बरों के आधार पर मामले की जांच चल रही है। आयकर विभाग की जांच में सामने आया कि भोपाल निवासी चेतन जसवानी ने ही ढाई हजार प्रति ट्रिप का लालच देकर राजेश पाल को पैसे लेने जबलपुर भेजा था। चेतन दवा कारोबार से जुड़ा है। वहीं राजेश को जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह के बाहर बैग देने वाला सतना निवासी सुदामा है। सुदामा सतना से पैसे लेकर जबलपुर आया था। भोपाल से चेतन लगातार राजेश को मोबाइल पर गाइड कर रहा था।

### CCTV कैमरे में राजेश की गतिविधियां हुई थीं कैद

RPF के सीनियर ष्ठस्ष्ट अरुण त्रिपाठी के मुताबिक, स्टेशन पर लगे ष्टष्टञ्जङ्क कैमरों में राजेश पाल की गतिविधियां कैद हुई थी। राजेश शनिवार की सुबह श्रीधाम एक्सप्रेस से जबलपुर पहुंचा था। इसके बाद वह दोपहर तक स्टेशन के ही अलग-अलग प्लेटफार्म पर घूमता रहा। दोपहर में वह प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर निकला। तब उसके पास कोई सामान नहीं था। कुछ देर बाद लौटा तो उसके पास पिट्ठू बैग था। इसे लेकर ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे के कंट्रोल रूम में बैठे जवानों ने त्रक्कस्न पोस्ट के स्ढ्ढ आरके चाहर को खबर दी।

चेतन जसवानी के मोबाइल ष्ठष्ठक्र में पूरा नेटवर्क

अब आयकर विभाग राजेश के पास मिले चेतन के मोबाइल नंबर के आधार पर जांच में जुटी है, हालांकि राजेश के पकड़े जाने के बाद से ही चेतन का मोबाइल बंद है। जबलपुर आयकर विभाग ने मामले में भोपाल आयकर विभाग को इनपुट उपलब्ध कराए हैं, वहां की टीम चेतन तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। इधर, एक टीम रविवार को सतना भी गई थी। वहां सुदामा के बारे में पता लगाया जा रहा है। चेतन के मोबाइल नंबर का ष्ठष्ठक्र लेकर आयकर विभाग इस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

# नर्सेस की हड़ताल मरीज बेहाल

**आज भोपाल में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी ,मप्र नर्सिंग एसोसिएशन के बीच बैठक**

जबलपुर,यशभारत ।नर्सेस की हड़ताल के कारण जबलपुर मेडिकल कॉलेज सहित सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों के हाल बेहाल हैं। भोपाल से आ रही खबरों के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी और मप्र नर्सिंग एसोसिएशन के बीच बैठक हो रही है । नर्सेस एसोसियेशन का कहना है कि मांग के संबंध में यदि उन्हें कोई लिखित आदेश मिलता है तभी हड़ताल समाप्त होगी। दरअसल, कर्मचारियों की मांगों के संबंध में चर्चा के लिए स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मो. सुलेमान ने स्टेट नर्सेस एसोसिएशन और प्रांतीय नर्सेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बुलाया है। उच्चस्तरीय वेतनमान और नियुक्ति के समय दो अग्रिम वेतनवृद्धि को लेकर 29 जून से चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। गौरतलब है कि अस्पतालों में नर्सेस का प्रदर्शन, धरने को देख ज्यादातर मरीजों ने मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख कर लिया है। ऐसी स्थिति में जूनियर डॉक्टर्स, सीनियर नर्सेस, निजी नर्सिंग कॉलेज स्टूडेंट मरीजों की सेवा में जुटे हुए हैं। इसके बाद भी नर्सेस की भरपाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में काम कर रहे अमले पर अधिक दबाव पड़ रहा है। हड़ताल के चलते अस्पतालों में भर्ती मरीजों को न तो समय पर दवाई मिल पा रही है और न ही इंजेक्शन। इस कारण मरीज ठीक होने की बजाय और बीमार पड़ रहे हैं। एसोसिएशन अध्यक्ष हर्षा सोलंकी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग अधिकारी और नर्सिंग एसोसिएशन अध्यक्षों के बीच बातचीत के बाद ही उनकी हड़ताल समाप्त होने का निर्णय लिया जाएगा। जिले की 1500 नर्सों का काम 50 सीनियर नर्स व 500 नर्सिंग स्टूडेंट्स ने संभाला है। जबलपुर मेडिकल कॉलेज में सीनियर नर्सें डबल ड्यूटी कर मरीजों की सेवा कर रही हैं। जानकारी के अनुसार मेडिकल व विक्टोरिया अस्पताल में 400 से अधिक मरीज भर्ती हैं। फोटो- बबलू



## हादसा



**जबलपुर।** कार्तिक होटल नौदराब्रिज के पीछे चल रहे सीवर लाईन कार्य के दौरान खुदाई में जुटी डिगर (जेसीबी) मशीन अचानक पलट कर गड्डे में गिर गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# रेत विवाद पर सीने में चाकू घोंपा

## ममेरे भाई के साथ मिलकर रेत कारोबारी ने युवक को लहुलूहान किया

जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर छोटी लाइन में रेत विवाद पर दो युवकों ने एक युवक के सीने में चाकू घोंप दिया। घटना उस वक्त हुई जब युवक छोटी लाइन में खड़े होकर मजदूरों का इंतजार कर रहा था। तभी हाथीताल और मांडवा बस्ती के दो युवक बाइक पर आए रेत के विवाद पर उसे चाकू से छलनी कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची गोरखपुर पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए मामले को जांच में लिया। घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुए दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गोरखपुर पुलिस के अनुसार छोटी लाइन निवासी पप्पू ठाकुर रविवार शाम छोटी लाइन के पास खड़ा था तभी मांडवा बस्ती का रहने वाला शहजाद उसके पास पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। दोनों के बीच जमकर झूमाझपटी हुई इसके बाद शहजाद हाथीताल पहुंचा और ममेरे भाई रमजान के साथ दोबारा पप्पू ठाकुर के पास पहुंचा और विवाद करने लगा। इसी बीच रमजान ने जेब पर चाकू को निकाला और पप्पू ठाकुर पर तबातोड़ हमला कर सीने में चोट पहुंचा दी।



# रेडक्रास सचिव आशीष दीक्षित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित



जबलपुर । रेडक्रास सचिव आशीष दीक्षित को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन की ओर से विल्हेम जैजलर यूरोप के प्रमुख द्वारा प्रतिबद्धता के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया उन्हें यह प्रमाण पत्र कोविड-19 महामारी के खिलाफ सुरक्षा को बढ़ावा देने और मानवीय कष्टों को कम करने के लिए समाज की सेवा के लिए प्रदान किया गया। श्री दीक्षित वर्तमान में जबलपुर जिले में सामाजिक संगठन के साथ समन्वय बनाकर निरंतर ब्लड कैंप, वैक्सीनेशन कैंप, वृक्षारोपण अभियान व जन जागरूकता कार्यक्रम के साथ सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है । बताना चाहेंगे श्री दीक्षित के कार्यो की तारीफ कई बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं की है।

## प्रतिबंध के बाद भी बेच रहा था ओनरेक्स

# 50 हजार की 419 सीसी जब्त

*जबलपुर यश भारत। शासन के प्रतिबंध के बावजूद भी नशीली दवा बेचने वाले एक युवक को पुलिस ने बेलखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरिया कला में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 हजार कीमती की 419 ओनरक्स की शीशियां जप्त की। उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल थाना प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोनू राम मरकाम बीपी मरावी एवं क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा की गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा काफी समय पूर्व खांसी की दवा के नाम से बिकने वाली ऑनरेक्स की दवा पर प्रतिबंध इसलिए लगा दिया गया था यह काफी नशीली थी इसके बावजूद भी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिपरिया कला गांव का रहने वाला 38 वर्षीय संदीप पिता कुंजी लाल साहू द्वारा घर से इस नशीली सीसी का विक्रय किया जा रहा था जिसकी सूचना बीती रात मुखबिर खास द्वारा पुलिस को लगते ही वह हरकत में आई और आरोपी के ठिकाने पर पहुंच कर मौके से 50 हजार रुपए की 419 सीसी जप्त की गई साथ ही सीसी विक्रय के रखें 8600 रुपए भी पुलिस ने जप्त किए/ पुलिस की गिरफ्त में आए उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 8/ 21.8/27. मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट 2149 के तहत आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा उससे अब यह पूछताछ करने में लगी हुई है कि प्रतिबंध के बावजूद भी उक्त शीशियां कहां से लाकर बेचता था पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई।



स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र)
फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier
Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ।। जय बाबा मसान ।। ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति ॐ शांति
"आपका साथी" एवं सम्पूर्ण समाधान मृत्यु उपरांत
दाह संस्कार पूजन सामग्री
एवं पूजन, पंडित व्यवस्था प्रतिष्ठान
दाह संस्कार से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री आपके बताये पते पर भेज दी जावेगी
9111712445, 8871253911 9111712445,7999526101
दाह संस्कार सामग्री
खारी/ तीसरे दिन की पूजन सामाग्री
दशगात पूजन
बारहवीं, तेरहवीं गंगाजली पूजन
दुकान पताः "आपका साथी" बल्देवबाग पेट्रोल पम्प के पास स्मॉल वण्डर स्कूल के सामने, उखरी रोड, जबलपुर

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल,
अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
• शत प्रतिशत रिज़ल्ट • कोर्स पूरा होते ही जॉब
• अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
• उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
• कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल • बस सुविधा
• हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेलः yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा बोल्ड चना केला चिप्स बोल्ड पीनट मसाला चना ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)